शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 61 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज    गुरूवार 28 मार्च 2024    विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## होली की हार्दिक शुभकामनाएं

*Wish you a very happy and blessed Holi*



धार्मिक पर्वों का वास्तविक भाव (स्वरूप) अदृश्य होकर कलयुग में विपरीत भाव में प्रकट होता है। सतयुग में होलिका पर्व आध्यात्मिक विज्ञान के व्यापक रूप को प्रकट करता है। जिसमें प्रत्येक मनुष्य अनुभव करता है कि वह आध्यात्मिक मार्ग पर चलकर मायावी मृत्यु का अस्तित्व मिटाकर स्वरूप को अमर अस्तित्व के रूप में अनुभव करता है। ज्ञानावतार स्वामी श्री युक्तेश्वर गिरी जी ने प्रकाशित किया है वर्तमान समय आरोही द्वापर युग का 324 वाँ वर्ष है। स्वामी श्री युक्तेश्वर गिरी जी ने सभी को सन्देश दिया है कि वेद के प्रथम सूत्र- "परब्रह्म सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड के रूप में प्रकट हो रहे हैं।" का सम्यक् अभ्यास करने पर होलिका पर्व का वास्तविक स्वरूप स्पष्ट हो जाता है। इस समय हम अनुभव करते है ब्रह्माण्ड की सभी रचनाएँ पावन और पवित्र हैं। होलिका पर्व के वास्तविक रूप को समझने के लिए स्वामी श्री युक्तेश्वर गिरी जी द्वारा सर्वश्रेष्ठ सद्रग्रंथ 'कैवल्य दर्शनम् - होली साइन्स' प्रकाशित किया। होली साइन्स में बताये गये लक्ष्य को अपना लेने पर मनुष्य के सभी कष्ट स्वतः समाप्त हो जाते है।

---

During the period of Kaliyuga, the real meaning of religious festivals disappears and is reflected in the opposite form. During Sat Yuga, the Holika festival reveals spiritual science in the broader form by practicing which one perceives existence of immortals and immortality. One experiences self as immortal existence.

Gyanavatar Swami Sri Yukteshwar Giri Ji authored the sacred text 'The Holy Science' published in the book that the present time is 324 years of ascending Dwapar Yuga. Swami Shree Yutekshwar Giri ji has also given the message in the first sutra of Holi Science "Parabrahma (spirit or God) is ever-lasting, complete, without beginning or end. It is one invisible being. By practicing it properly, the real nature of Holika festival becomes clear. The Holy Science 'Kaivalya Darshanam' is the best scripture to understand the real form of Holika festival. By adopting the goals mentioned in the Holy Science, all sufferings of human life will end automatically.

'Yagya' has been mentioned and described by the Holy Science, by the practice of which, one is able to perceive the real complete form of Holi. Then, one will be able to perceive that all creation is Pure and Holy.




---





# मामूली कहासुनी को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर कर खूनी संघर्ष

## होली रंग पड़ा फीका, पुलिस तैनात, पांच गिरफतार भेजे गए जेल





**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम वाजिदपुर में सोमवार को शाम के समय लड़कों के बीच कहासुनी को लेकर दो वर्गों के बीच जमकर ईट पत्थर लाठी डंडा ,तोड फोड किया गया। जिससे दोनों ओर से एक दर्जन से अधिक लोगों को चोटें आयी है। एडमिशन कमिश्नर एन कोलांचे, डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारतीय, एसीपी फूलपुर उदय प्रताप सिंह, एसीपी सोरांव जंग बहादुर यादव, एसडीएम सोरांव गणेश प्रसाद देर रात तक मऊआइमा में डटे रहे।जब मौके पर सीमा सुरक्षाकर्मी पहुंच गए तो अधिकारियों ने राहत की सांस ली। बताया गया है कि एक पक्ष के विनोद कुमार, त्रिभवन, सुरेश,भारत लाल,राम सिंह, धीरेंन्द्र कुमार, राधेश्याम लालचन्द्र आदि को चोटें आयी है। एक पक्ष के युवती के भाई का आरोप था कि उसकी बहन गोबर फेंकने जा रही थी।जिसके साथ दूसरे वर्ग के लोगों ने अश्लील बोलने पर जान से मारने की धमकी देते हुए कातिलाना हमला किए।एक वर्ग की ओर से मऊआइमा पुलिस ने सरवर आलम, शमशाद आलम, मोहम्मद अस्कान, सैयद अलफौजान,मुन्साद हुसैन तथा अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस ने सरवर, शमशाद, अस्कान, अलफौजान, मुन्काद को जेल भेज दी है। जबकि दूसरे पक्ष के सैयद आलम पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद अली का आरोप है कि उनके घर का दरवाजा खिड़की बाइकों को तोड कर घर में घुस कर जमकर तोड फोड किए तथा आरोप है कि पिस्टल से डरा धमकाया गया। आरोप है कि लाठी डंडा ईट पत्थर से कई को मार पीट कर लहुलुहान कर दिए। जिसमें मोहर्रम अली, जमीला, रजिया, अशरफ आदि को चोटें आयी है। जिसमें सैयद आलम, मोहर्रम, जमीला आदि को रिफर कर दिया गया जहां एस आर एन में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है कि दूसरे पक्ष की तहरीर नहीं आयी इस लिए मुकदमा नहीं दर्ज किया गया।

## दूसरे पक्ष के घायलों का उपचार एस आर एन में जारी, थाने में दी तहरीर

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छीतेमऊ वाजिदपुर में सोमवार को शाम के पहर दो पक्षों में लाठी डंडा ईट पत्थर चले थे। जिसमें दोनों पक्षों को गंभीर चोटें आयी थी। एक पक्ष ने छेड़खानी मार पीट का आरोप लगाते हुए सरवर आलम, शमशाद आलम, मोहम्मद अस्कान, सैयद अलफौजान, मुन्साद हुसैन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया था। जिन्हें मऊआइमा पुलिस ने मंगलवार को जेल भेज दिया। बताया गया है कि दूसरे पक्ष के घायलों सैयद आलम, मोहर्रम अली, जमीला बानों रजिया का उपचार एस आर एन में चल रहा है। जिसमें बुधवार को सैयद आलम ने मऊआइमा थाने में दूसरे पक्ष के खिलाफ तहरीर दी है। मुकदमा न दर्ज होने से दूसरे पक्ष के लोगों ने आक्रोश व्याप्त है।

## जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष एक दर्जन जख्मी

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम किंगरिया का पूरा में जमीनी विवाद को लेकर एक पक्ष के शशिकांत विश्वकर्मा, अरूण कुमार विश्वकर्मा, सुमिता देवी विश्वकर्मा, अनीता देवी विश्वकर्मा जब दूसरे पक्ष के कल्पना यादव,संजना यादव,मानसिंह यादव, मुलायम सिंह यादव, फूलचंद्र यादव,अजय सिंह यादव , शैलेन्द्र सिंह यादव को गंभीर चोटें आयी है। मऊआइमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा गंभीर रूप से जख्मी शशीकांत, अरूण कुमार, सुमिता,अनीता, कल्पना, संजना को रिफर कर दिया है। दोनों पक्षों ने थाने में तहरीर दी है। समाचार लिखे जाने तक मुकदमा नहीं दर्ज किया गया था ।

## खेत स्वामी दो सगे भाईयों पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र के ग्राम बकराबाद निवासी सूरज कुमार पुत्र लालबहादुर सरोज प्राथमिक विद्यालय में कक्षा तीन का छात्र था। बताया गया है कि 23 मार्च को छुट्टी पर वह गिरे हुए खम्बे जिसमें करंट प्रवाहित हो रहा था।पास में कीचड़ होने पर सूरज कीचड़ से होली खेलने के चक्कर में कीचड़ करंट प्रवाहित होने पर चपेट में आने से सूरज की दर्दनाक मौत हो गई थी। सूरज का शव पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक के पिता ने जब खेत स्वामी दिया कि उसने खेत से मिट्टी निकलवा ली। जिससे बिजली का पोल गिर पडा जिससे उसके पुत्र की मौत हो गई उक्त उलाहना दिया तो गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए जाति सूचक गालियां दी। जिसपर मंगलवार को मृतक सूरज कुमार के पिता मुन्नी लाल सरोज ने मऊआइमा थाने में एससी एसटी एक्ट और गैर इरादतन हत्या के तहत खेत स्वामी पुरषोत्तम कुमार और शिवाकांत के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## ट्रैक्टर की चपेट में आया बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**सहसों।** थाना सराय इनायत के सहसों पुलिस चौकी अंतर्गत प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग स्थित सहसों में पशु मेला के सामने बुधवार लगभग दो बजे ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार थरवई थाना के दामोदरपुर उर्फ तिवारीपुर गांव निवासी विशाल यादव 20 वर्ष पुत्र अशोक यादव थरवई स्थित अपने ननिहाल से वापस घर तिवारीपुर आ रहा था। जैसे ही वह श्री राम जानकी मंदिर सहसों सौ मीटर आगे पहुंचा था कि विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। जिससे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना देते हुए सरकारी एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनी भिजवाया। जहां पर चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया

## होली मिलन समारोह आपसी प्रेम सौहार्द सहित भाईचारा को बढ़ावा देता है : प्रभंजन शर्मा



**करछना।** क्षेत्र के भडेवरा गांव में रंगारंग कार्यक्रमों के बीच सार्वजनिक होली मिलन समारोह समाजसेवी प्रभंजन शर्मा के संयोजकत्व में मंगलवार शाम को धूमधाम से संपन्न हुआ। जिसमें अबीर गुलाल लगाकर आपस में लोग गले मिले । वहीं एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी गई। और संगीतज्ञ कलाकारों की ओर से फाग गीतों ,बेलवरिया, चौताल आदि की प्रस्तुतियां भी हुई। जिसमें श्रोता लोग ठहाके लगाकर झूमते रहे। प्रबंधक कौशलेश प्रसाद शर्मा बतौर मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि होली पर्व आपसी प्रेम सौहार्द मिलन सारता को जोड़ता है। और आपसी मनमुटाव को दूर करता है। लोगों में शरबत भी पिलाया गया। इस मौके पर प्रबंधक कौशलेश प्रसाद शर्मा , विश्वनाथ प्रसाद शुक्ल, लक्ष्मीकांत केसरवानी , राम मनोहर लोहिया, उमाकांत पांडेय विमल कुमार शर्मा, हरिप्रसाद पांडेय ,भूपेंद्र शर्मा बबुआन, पंकज शुक्ल, बब्लू शर्मा, श्रीकांत पांडेय , राम बहादुर ओझा, कौशलेश प्रसाद पांडेय , अमरनाथ विश्वकर्मा , राजमणि विश्वकर्मा, मिथिलेश कुमार ओझा , श्याम नंदन तिवारी, धर्मेंद्र शर्मा , पन्ना पाल, गुलाब विश्वकर्मा ,रमाकांत केसरवानी, विष्णु शर्मा ,पंकज मिश्र, देवी प्रसाद मिश्र, संजय यादव, शारदा प्रसाद यादव, तेज बहादुर गौड़, रिंकू शर्मा,धीरज यादव, विक्रम यादव, सुरेश सोनकर, फौदी सोनकर राकेश कुमार मिश्र, मखानी सोनकर , पप्पू पाल, विपिन पाल, नीरज मौर्य आदि मौजूद रहे।

### रंग बरसे भीगे चुनर वाली रंग बरसे



**जंघई।** क्षेत्र के विभिन्न गांवों में होली धूमधाम से मनाई गई अबीर गुलाल रंगों एवं विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के साथ डीजे की धुनों पर थिरकतें युवाओं, महिलाओं एवं बच्चों ने होली पर हुड़दंग एवं कीचड़ नृत्य करते हुए एक दूसरे के गले लगकर बधाई एवं शुभकामना दिया। वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद पांडेय द्वारा अपने निवास अनुवां में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विनोद पांडेय ने कहा कि होली का त्योहार एकता एवं भाईचारे का प्रतीक है होली मे लोग आपसी वैमनस्यता कटुता भूलकर एक दूसरे से गले मिलकर बधाई का आदान-प्रदान करते हैं इससे प्रेम भाईचारा एवं आपसी सामंजस्य स्थापित होता है।इस अवसर पर अंबिका प्रसाद पांडेय, लालचंद्र पांडेय, अशोक पांडेय, गिरीश तिवारी, प्रमोद उपाध्याय, गामा पांडेय, नागेश तिवारी, चंचल उपाध्याय, प्रमोद हरिजन, कल्लन सरोज, गुंजन पांडेय भाजपा मंडल महामंत्री जंघई, संजय पांडेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### हर्षोल्लास से चनेथू में मनाई गई होली

**जंघई।** होली का त्योहार चनेथू गांव में हर्षोल्लास से मनाया गई सुबह से ही युवाओं की टोलियां रंग-गुलाल लगाने के लिए गली-मोहल्लों में निकल पड़ीं वहीं बच्चों ने भी जमकर होली खेली। सड़कों पर होली की रौनक दिखी वहीं गांव में पारंपरिक तरीके से होली खेली गई सुबह से ही युवाओं और बच्चों ने घरों से बाहर गली मोहल्लों में निकलकर होली खेली। लोगों ने चाट-पकौड़ी, पापड़ चिप्स गुजिया का आनंद लिया सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर बधाई दी शाम के समय एक-दूसरे के घर जाकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर कपिल देव तिवारी, शिव प्रसाद तिवारी, बाबा तिवारी, दिलीप कुमार मिश्र, अखिलेश दुबे, विकास दुबे, आयुष तिवारी, शुभ मिश्रा, शांतनु मौर्य सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### मऊआइमा में खूब उडे अबीर गुलाल

मऊआइमा। मऊआइमा के छीतेमऊ वाजिदपुर को छोड कर सभी ग्रामीण क्षेत्रों में होली दहन के बाद सोमवार और मंगलवार को जम कर अबीर गुलाल उडाए।लोग एक दूसरे के गले मिलकर अबीर गुलाल लगाए।रंगगों के पर्व होली पर जम कर लोगों ने नाच गानों थिरके। बताया गया है कि कहीं कहीं शराबियों ने होली पर उत्पात मचाया परन्तु लोगों ने उन्हें घरों में करके होली खेली। मऊआइमा कस्बा के चुनौटा कुआं, गंजियाबाजार, सदर बाजार आदि के अलावा थाना पड़ाव, ब्लाक तीराहे आदि स्थानों पर जमकर होली खेली गई।बता दें कि क्षेत्र में कुल 159 स्थानों पर होलीका दहन किया गया।

## बाबूगंज में विद्यालय का ताला तोड़कर चोरी

**फूलपुर।** बाबूगंज के उच्च प्राथमिक विद्यालय में चोरों ने ताला तोड़कर उसमें रखी पाठ्य सामग्री, साउण्ड सिस्टम के साथ ही खेलकूद के अन्य सामान उठा ले गए। वही कमरे में लगे पंखे व शौचालय के दरवाजे को भी छतिग्रस्त कर दिया। बुधवार सुबह जब शिक्षक विद्यालय पहुंचे तो कमरों के ताले टूटे देख उनके होश उड़ गए। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने फूलपुर कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

फूलपुर थाना क्षेत्र के इफको पुलिस चौकी अंतर्गत जाफरपुर उर्फ बाबूगंज स्थित प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय के कमरों सहित आफिस का ताला तोड़कर अंदर रखी आलमारियों से बच्चों की पाठ्य सामग्री सहित, ब्लूटूथ साउण्ड, बच्चों के चहक का सामना उठा ले गए। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अजीज फात्मा ने बताया की विद्यालय में लगे चार पंखों को चोरों द्वारा तोड़ दिया गया है। साथ ही आफिस में रखे रजिस्टर व स्टेशनरी का सामना चोरों द्वारा फाड़कर विद्यालय परिसर में फेंक दिया गया था। बच्चों के खेलकूद के सामान तथा शौचालय में लगे जाली व दरवाजों को भी चोरों द्वारा क्षति पहुंचाई गई। प्रधानाध्यापक ने बताया की इसके पूर्व भी विद्यालय में चोरी हो चुकी है।

# होलिया पे उड़े रे गुलाल.. आदि गीतों पर खूब थिरके होलियारे




**सहसों।** क्षेत्र में जगह-जगह ढोल नगाड़े एवं आधुनिक वाद्य यंत्रों आदि उपकरण को बजाकर होलियारों ने फाग गीत गाए गए। होली खेलें रघुवीरा, रंग बरसे भीगे चुनरवाली एवं होलिया पे उड़े रे गुलाल आदि फाग गीतों पर नौजवान, बच्चे, बूढ़े एवं महिलाओं ने थिरकते हुए रंग एवं अबीर, गुलाल के साथ खूब जमकर हर्षोल्लास के साथ होली खेली और मनाई। सहसों बाजार सहित क्षेत्र के मीरापुर, भोपतपुर, बसमहुआ, कांदी, रामनगर, देवनहरी, चिरौड़ा आदि गांवों में लोगों ने शांति, प्रेम, सौहार्द, भाईचारा स्थापित करते हुए एक दूसरे को अबीर, गुलाल लगाते हुए होली का पावन त्यौहार मनाया। इसी तरह होली के पावन पर्व पर कादीपुर गांव में होलियारों की टोली में लोक गायक सुंदर कलाकार दीपचंद्र प्रजापति, लालता प्रजापति एवं सिंगरामऊ में अरुण कुमार द्विवेदी, लालजी द्विवेदी, मेही लाल हरिजन तथा चकिया घर गांव में धनंजय शाश्वत, गणेश वल्लभ, कृष्ण बल्लभ, राम शुक्ला आदि ने अपने सहयोगी साथियों द्वारा चौताल, बेलवरिया, होलिया सारा रारा आदि फाग गीतों को गाकर लोगों को खूब रिझाया गया। इस दौरान गली मोहल्लों के बच्चों एवं महिलाओं द्वारा होलियारों के ऊपर अबीर, गुलाल उड़ाते रंगों तथा फूलों की वर्षा की गई। तथा लोगों ने जगह-जगह पर होलियारों के लिए ठंडाई, दुधभंगा, पापड़, चिप्स, गुझिया आदि खिलाया गया। तथा सायंकाल लोगों ने स्नान आदि नए वस्त्र पहन कर एक दूसरे को हर्बल गुलाल लगाकर गले मिलते हुए होली की शुभकामना देते बधाई दी गई।

# मोबाइल के विवाद में हुई थी हत्या मजदूर की



**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र में होली पर्व के दिन हुई घटना का नैनी पुलिस व एसओजी टीम को मिली बड़ी सफलता होली के दिन दोपहर में हुई अधेड़ रमाकांत उर्फ कल्लू (40) पुत्र शंभू नाथ निवासी बढ़हा कौंधियारा की हत्या का खुलासा नैनी पुलिस व एसओजी यमुना नगर ने कर दिया। मोबाइल के विवाद में अधेड़ सिर और चेहरे पर ईंट से वार कर मौत के घाट उतार दिया था। जानकारी के मुताबिक मृतक रमाकांत उर्फ कल्लू महेवा में अपने रिश्तेदार के साथ रहता और मजदूरी करता था। वह अकेले ही था। उसकी पत्नी काफी पहले उसे अलग हो गईं थी। बच्चे नहीं थे। पहली होली के दिन रमाकांत अपने दोस्त ननका उर्फ छोटे भारतीया पुत्र स्व. बब्बू भारतीया निवासी महेवा पश्चिम पट्टी थाना नैनी के साथ शराब पिया। उसी दौरान रमाकांत ने अपने दोस्त का मोबाइल ले लिया। इसी को लेकर उनमें विवाद हो गया और मारपीट होने लगी। इसी बीच नशे मे ननका ने ऊपर ईंट से वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई थी। होली पर्व के दिन हुई घटना से महेवा मोहल्ले में हड़कंप मच गया था। मामले मे भाई कृष्णकांत ने मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने अभियुक्त ननका को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## जगहट होने से चोरी होते-होते बची किराना की दुकान

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के हंडिया कोखराज नेशनल हाईवे के उत्तर पटरी पर सिंगरामऊ गांव के सामने उक्त गांव निवासी विमलेश मिश्रा पुत्र रामनाथ मिश्रा ने मिश्रा किराना स्टोर नाम से दुकान खोल रखी है। रोज की तरह वह मंगलवार को सायंकाल दुकान बंद कर घर चले गए। भोजन के उपरांत विमलेश का लड़का रवि मिश्रा दुकान पर सोने चला आया। दुकान के अंदर रवि मिश्रा सो रहा था कि बुधवार की भोर लगभग तीन बजे कुछ अज्ञात चोरों ने दुकान में लगे शटर को छेड़छाड़ करने लगे। चोरों की सुगबुगाहट व आवाज सुन रवि मिश्रा ने चुपके से परिजनों को फोन कर जानकारी दिया कि दुकान के बाहर कुछ चोर आए हुए हैं। परिजनों ने आसपास के लोगों को साथ में लेकर दुकान के करीब पहुंचे और अंधेला होने के कारण टॉर्च जलाकर देखा कि 5-6 की संख्या में अज्ञात लोग दुकान के बाहर खड़े हैं। टार्च की रोशनी पढ़ते ही अज्ञात चोरों ने हाईवे पर खड़ी तीन मोटरसाइकिल से सोरांव की तरफ भाग निकले। गनीमत यह रहा की चोरों द्वारा दुकान में चोरी होते-होते बच गया। दुकान मालिक विमलेश मिश्रा ने बताया कि दुकान का शटर टूटा हुआ था और दुकान के बाहर लगे सभी बल्ब तोड़ दिया गया था एवं बिजली सप्लाई में लगे एम सी बी भी चोरों द्वारा गिरा दी गई थी। जिससे दुकान के बाहर अंधेरा छा गया था। फिलहाल बुधवार की सुबह दुकान मालिक द्वारा लिखित तहरीर थाने में जाकर देते हुए पुलिस से उचित कार्यवाही करने की मांग की गई।

## फसल चोर की सुनवाई टली,तीस मार्च को तारीख फिक्स

**कोराव।** थाना पुलिस कोराव क्षेत्र के ग्राम अल्हवा निवासी कोटेदार लाल बहादुर पाल और उसके पुत्र पवन कुमार पाल को पुलिस ने सुपुर्द की गई फसल को चोरी में काट लेने पर दर्ज चोरी के केस में नामजद दोनो आरोपियों में से एक पवन पाल को आठ मार्च को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था,जिस की जमानत लोवर कोर्ट से खारिज हो गई थी। वर्तमान में उक्त केस क्राइम नंबर 46/2024 धारा 379,411आईपीसी की जमानत प्रार्थना पत्र सेसन कोर्ट में प्रस्तुत की गई। जिसकी सुनवाई तीस मार्च को सेशन कोर्ट ने एमपी एमएलए कोर्ट में निश्चित की है। वादी मुकद्दमा ग्राम प्रधान अल्हवा ने उक्त अभियुक्त पर कई संगीन मुकदमे कोरांव और खीरी थाने में दर्ज होने का हवाला जरिए एडवोकेट भूपेंद्र कुमार मिश्र कोर्ट के सामने रखा। क्रिमिनल हिस्ट्री पुलिस द्वारा संतोष जनक न भेजे जाने की बात प्रकाश में आई। उधर दूसरा नामजद अभियुक्त लाल बहादुर कोटेदार अल्हवा जो फरार था उसने कोर्ट में सिलेंडर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर दिया है जिस पर न्यायायालय ने थाना कोरांव से कमेंट मांग लिया है। पवन कुमार पर कुल आठ मुकद्दमे तथा लाल बहादुर पर कुल चार मुकदमें दर्ज है जिसमें मात्र दो मुकद्दमा इसी एक्ट 3/7क्राइम नंबर 76/2011 में और विद्युत अधिनियम में जेल जाने के बाद सक्छ्म कोर्ट में सुनवाई चल रही है। दो केस में अभी जमानत नहीं कराई है।



# पुलिस लाइन में उड़े रंग-गुलाल, जमकर खेली होली किया डांस

**प्रयागराज।** रंगों का पर्व उमंग, उत्साह, मस्ती, धमाल के साथ दो दिनों तक चला। जब पूरा शहर रंगों से सराबोर था तब पुलिस अधिकारी, कर्मचारी ड्यूटी पर मुस्तैद थे। प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस दो दिनों की ऐतिहासिक होली की गवाह बनी। इसके बाद पुलिसवाले खुद भी रंगों की खुशबू से सराबोर हुए।पुलिस लाइन में जमकर रंग गुलाल उड़े। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा पर अधीनस्थों ने फूल बरसाए। उन्होंने ने भी एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाए और खुशियां साझा कीं।ढोल बजाए, डांस मस्ती कर धमाल पुलिसवालों ने ढोल बजाए, डांस मस्ती कर धमाल मचाया। पुलिस लाइन के हर कोने में होली का हुड़दंग देखने को मिला। होली का आयोजन पहले से तय था, ऐसे में एक से बढ़कर एक पकवान भी तैयार थे। सबने साथ मिलकर खाया। जब आला अफसर चले गए तो पुलिसवालों ने जमकर धमाल मचाया। एक दूसरे को दौड़ाकर रंग लगाने के साथ ही डांस किया गया। कई घंटे तक चले होली मिलन में शहर के सभी अधिकारी शामिल हुए। सीपी रमित शर्मा के साथ ही डीसीपी सिटी दीपक भूकर, डीसीपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय, अभिषेक भारती, पुष्कर वर्मा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# नैनी बाजार में तीसरे दिन खेली गई कपड़ाफाड़ होली



**नैनी।** नैनी बाजार में कपड़ाफाड़ होली खेली गई बुधवार को होली के तीसरे दिन परंपरानुसार कपड़ाफाड़ होली खेली गई। इस दौरान बच्चे, बूढ़े और जवान सभी एकजुट होकर रंग से सराबोर होकर फिल्मी गाने पर झूमते और थिरकते रहे। पार्षद राकेश जयसवाल बताते हैं कि तीसरे दिन होली की परंपरा यहां कई दशक से चली आ रही है। नैनी बाजार के व्यापारी अपनी अपनी दुकान तीसरी होली को भी बंद रखते हैं और खूब होली खेलते हैं। नैनी बाजार में तीसरे दिन भी होली खेली जाती है। एक दूसरे को लोग खूब रंग लगाते हैं। इस होली को लेकर प्रशासन भी अलर्ट रहता है। बाजार जाने वाले दोनों मार्गों को बंद कर दिया जाता है। विवाद ना हो इसके लिए लोगों को बाजार जाने से भी रोका जाता है।

## नैनी में धूमधाम से मनाई गई होली जमकर उड़े रंग और गुलाल



**नैनी।** क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ होली मनाया गया?। लगातार तीन दिन तक खेली गई होली। होलिका दहन के बाद से ही लोग होली के रंग में रंगने लगे थे। सुबह होते- होते लोग होली की मस्ती में डूब गए। हालांकि क्षेत्र में होली पर्व पर किसी भी प्रकार की अनहोनी व अप्रिय घटनाएं न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए थे। अराजकता व हुड़दंग मचाने वाले लोगों से निपटने के लिए नैनी कोतवाली अंतर्गत समस्त चौकी प्रभारी अपने अपने क्षेत्र में लगातार गश्त करते रहे। साथ ही साथ समाजसेवियों का भी सहारा लिया गया। आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने के लिए प्रशासन की ओर से पहले से ही बैठक कर ली गयी थी। बैठक में विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई थी जिसे एसपीओ टीम के सदस्यों ने अपना कर्तव्य निभाते हुए होलिका दहन से लेकर होली के सम्पन्न होने तक प्रशासन के साथ सेवा सहयोग में जुटे रहे। वहीं एसपीओ प्रभारी अभय राज सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पुलिस उपायुक्त यमुनानगर एसीपी करछना एवं नैनी कोतवाली प्रभारी के आदेशानुसार नैनी क्षेत्र में एसपीओ टीम के सदस्यों की ड्यूटी लगाई गई जिसमें हमारे टीम के सक्रिय सदस्यों ने चौकी प्रभारियों एवं स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर क्षेत्र में भ्रमण करते हुए होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग सम्पन्न कराने में मुख्य भूमिका निभाई जिसपर मैं प्रशासन एवं एसपीओ टीम के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करता हूं ?। वहीं विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ के जवान लोगों संग होली खेलकर सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए नजर आए।इस दौरान वार्ड नंबर 20 के पार्षद राकेश जयसवाल एवं एसपीओ प्रभारी अभय राज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली संगठन सचिव रविन्द्र सिंह मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल रामजी जायसवाल प्रदीप कुमार सुशील शर्मा रामजी गौड़ पंकज मलिक राकेश कुमार दीपक केसरवानी राजु साहनी आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

# न्यूज झरोखा

## भाजपा नेता के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन



**नैनी।** नैनी में भाजपा नेता के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भाजपा पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख के नेतृत्व में शोक सभा का आयोजन वरिष्ठ भाजपा नेता नैनी मंडल उपाध्यक्ष किसान मोर्चा प्रदीप तिवारी निवासी चाका नैनी के निधन होने पर 2 मिनट का मन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया गया कि ईश्वर मृतक आत्मा को शांति प्रदान हेतु अपने चरणों में स्थान प्रदान करें इस अवसर पर करछना विधायक पीयूष रंजन निषाद पार्षद मयंक यादव नैनी मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा नीरज शर्मा सेक्टर प्रभारी भाजपा प्रदीप तिवारी जिला उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव महामंत्री उमेश सेन। कार्यकारिणी सदस्य सेक्टर प्रभारी सुनील विश्वकर्मा भाजपा नेता नीरू पटेल कर समिति सदस्य भाजपा नितिन केसरवानी नित्यानंद मिश्रा मोहित अग्रहरि रमेश पटेल पियूषकांत मिश्रा धर्मराज पटेल भाजपा कार्यकताओं ने ईश्वर से प्रार्थना करके मृतक आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## पुलिस बल की मौजूदगी में निकाला गया होली का जुलूस



**सोरांव।** इलाके के शिवगढ़ में होली के मौके पर एक जुलूस निकाला गया। टिंकू केसरवानी तथा धनश्याम सोनी के नेतृत्व में जुलूस शिवगढ़ बाजार से चौराहा तक लगभग एक किलोमीटर की दूरी तय करते हुए एक विगत वर्षों की तरह मंगलवार को भी एक भव्य जुलूस व्यापारियों और ग्रामीणों द्वारा निकाला गया। तथा जुलूस में शामिल सभी लोगों ने एक दूसरे को तिलक लगाकर तथा गले मिलकर एक दूसरे को होली के बधाई दिए। सबसे बड़ी बात तो यह रही कि इस जुलूस में हिंदुओं के साथ ही साथ मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी शिरकत किए। जुलूस में शांति व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी सतीश कुमार संग भारी पुलिस बल तैनात रहे। जुलूस में लगभग सैकड़ों की संख्या में लोग डीजे की धुन पर थिरकते हुए पूरे जुलूस का आनंद लिए। जुलूस शाम पांच बजे से देर शाम तक चला। हालांकि शिवगढ़ में जुलूस निकालने की बहुत ही पुरानी परंपरा चली आ रही है। पुरानी परम्परा को जीवित रखने के लिए होली के दूसरे दिन शिवगढ़ बाजार, अलमापुर ,फकीराना, पुराना शिवगढ़, सराय भोगी होते हुए जुलूस शिवगढ़ चौराहे पर आकर जुलूस का समापन हुआ। इस मौके पर सोरांव थाना प्रभारी सतीश कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक कृष्ण मोहन, उप निरीक्षक आलोक सिंह, दिवेश सिंह, उप निरीक्षक विपिन कुमार, देवेश चंद, ओमेंद्र पाल सिंह,राधेश्याम त्रिपाठी, घनश्याम यादव, संजय राय, महिला उप निरीक्षक दीक्षा मिश्रा, रश्मि पटेल, शबनम,कांस्टेबल सुधीर सिंह, गोविंद सेन, ऋषि कपूर,पवन सिंह, ग्राम प्रधान संजय यादव आदि लोग रहे।

## होली पर्व भाईचारा व समरसता का त्योहार हैः जय शुक्ल



**मेजा।** मांडा के दिघिया गांव में सोमवार को रामचंद्र शुक्ल ट्रस्ट के अध्यक्ष व अवाड़ा एनर्जी ग्रुप के निदेशक जय शुक्ल के आवास पर पहुंचे ग्रामीणों ने जमकर होली खेली। इस दौरान एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए होली पर्व की बधाई दी। जय शुक्ल ने कहा कि होली पर्व भाईचारा और समरसता का त्योहार है। हम सभी को होली के त्यौहार पर सारे गिले शिकवे भूलकर एक दूसरें को गले लगाना चाहिए।उन्होंने कहा कि भारत के पर्व आपसी प्रेम और सद्भाव के प्रतीक हैं। इस दौरान मौजूद लोगों ने एक-दूसरे के गाल पर रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभाकामनाएं दी। होली के अवसर पर सैकड़ों की संख्या में बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

## ह्रदय मिलन समारोह सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न



**नैनी।** नैनी अवंतिका विकास समिति के तत्वावधान में होली के महापर्व पर आयोजित ह्रदय मिलन समारोह सौहार्दपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। समारोह में गंगा ठाकुर की टीम ने जहां फाड़ गीतों से दर्शकों को झूमने में मजबूर कर दिया वहीं महिला मंडल द्वारा अनेकों प्रस्तुती से मन मोह लिया। समारोह में शामिल विभिन्न संगठनों के समाजसेवियों ने एक दूसरे को गले मिलकर बधाई दी तथा भाईचारा कायम रखने का संकल्प लिया। उक्त अवसर पर समिति के संयोजक गजेंद्र प्रताप सिंह, सह्र संयोजक बद्री प्रसाद मिश्र, अध्यक्ष विनोद शंकर तिवारी, उपाध्यक्ष डी के सिंह, महामंत्री सुनील श्रीवास्तव, मंत्री सुनील साहनी, संयुक्त मंत्री अशोक जायसवाल, कोषाध्यक्ष अनिल द्विवेदी एवं महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका मीना जायसवाल व बिन्दु राठौड़ ने अतिथियों का परम्परागत रूप से स्वागत किया। उपस्थिति लोगों ने गुझिया पापड़ के साथ ठंडई का रसास्वादन किया तथा फूलों की होली खेलकर ह्रदय मिलन समारोह को सार्थक किया। समारोह में प्रमुख रूप से समिति के संरक्षक पूर्व आईजी सी पी सिंह, शिव शंकर पांडेय, बीबी दुबे, डाक्टर कात्यायनी, बबिता मिश्रा, शिव शंकर दिक्षित, दिलीप केसरवानी, नयन कुशवाहा, राकेश श्रीवास्तव, रजनी कान्त श्रीवास्तव, आरके श्रीवास्तव एडवोकेट, आरके पाण्डेय, विधु प्रकाश पाण्डेय, अनूप श्रीवास्तव, आदि शामिल रहे। समिति के कार्यकारिणी सदस्य एनपी मिश्र, गंगा ठाकुर, सुभाष चन्द्र, विजय राठौड़, आदि की सक्रिय सहभागिता रही।

## चौका के नौजवानों ने जमकर होली खेला, लगाया अबीर-गुलाल



**जंघई।** होली पर्व पर सबसे अधिक उत्साह होता है नौजवान, बच्चे, बुढ़े, महिलाएं सब होली में जमकर उछल कूद करते हैं और विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का लुत्फ उठाते हैं। इसी क्रम में चौका गांव में नौजवानों ने जमकर होली खेला और आवागमन करने वाले राहगीरों को भी जमकर रंग अबीर-गुलाल लगाकर होली खेला। डीजे की धून पर जमकर थिरके और गोझिया, चिप्स, पापड़, रसभंगा सहित विभिन्न व्यंजनों का स्वाद चखा।रंग खेलने के बाद दोपहर के बाद घर घर जाकर एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर गले मिलकर बधाई दी। इस अवसर पर नीरज मिश्र एडवोकेट, नीरज मिश्र, विनय कुमार मिश्र, धीरज मिश्र, माधोलाल मिश्र, संतोष मिश्र, सरोज मिश्र, राम आशीष मिश्र, मुकेश गुप्ता, राकेश गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## होली खेलें रघुबीरा अवध में होली खेलें रघुबीरा



**जंघई।** होली के अवसर पर सभी लोग टोलियां बनाकर सड़कों पर रंग लेकर एक-दूसरे को रंगते नजर आए। डीजे की धुनों पर युवा नाचते हुए जश्न मनाते नजर आए बच्चों ने खूब मस्ती की। भाईचारे का प्रतीक होली पर गिले-शिकवे भूलकर लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर अपनी खुशी व्यक्त किया।सोमवार को रंग वाली होली सुबह आठ बजे से शुरू हो गई और अपराह्न दो बजे तक रंग खेला गया। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग दोपहर तक होली का रंग खेलने के बाद शाम को नए कपड़े पहनकर एक-दूसरे के घर होली मिलने पहुंचे। होली की पूर्व संध्या पर रविवार को ग्रामीण क्षेत्रों में लोग होलिका दहन अपने-अपने पारंपरिक तरीकों से होली मनाई। इसके बाद पूरे दिन होली खेले रघुवीरा अवध में होली खेले रघुवीरा... पारंपरिक गीत की आवाज गूंजती रही। भानीपुर ग्राम प्रधान सौरभ पांडेय के निवास पर आयोजित होली मिलन समारोह में सैकड़ों लोग उपस्थित रहे एवं विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का लुत्फ उठाया और रसभंगा पीकर पूरे गांव में घर घर जाकर एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर गले मिले और होली की बधाई दी। इस अवसर पर श्रीनाथ पांडेय राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक, ओमप्रकाश पांडेय, कृपाशंकर मिश्रा, रामअजोर मिश्रा, राजेन्द्र प्रसाद पांडेय, रमेश गौतम, जयनाथ पांडेय, रमेश पांडेय, मनीष पांडेय, दिलीप मिश्रा, रामसागर दुबे, राकेश पांडेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।







# प्रयागराज में कपड़ा-फाड़ होली में खूब बरसा रंग, डांस-मस्ती और धमाल, चौराहों पर टोली का हुड़दंग

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में रंगों के पर्व होली पर उत्साह, उमंग, उल्लास का नजारा देखने को मिला। रात में होलिका दहन के बाद शुरू हुआ अबीर गुलाब उड़ाने का सिलसिला सुबह रंगों की बारिश में बदल गया। हर किसी ने रंगों के इस त्योहार को अपने अंदाज में मनाना शुरू किया। गली, मुहल्ले, बाजार, चौराहे, अपार्टमेंट, कॉलोनी हर तरह बस रंग और गुलाल उड़ते नजर आए।अपार्टमेंट में महिलाएं और बच्चे होली की मस्ती में नजर आए तो सड़कों पर होलियारों की टोली एक दूसरे को रंग लगाते, गुलाल उड़ाते हुए गले मिलती नजर आईं। होलियारों की टोली चौक लोकनाथ पहुंच एक साथ धमाल मचाने लगी। लोकनाथ में हजारों युवा एक साथ रंग गुलाल उड़ाया। एक-दूसरे का कपड़ा फाड़ हुड़दंग किया।शहर के पॉश इलाके सिविल लाइंस, जार्जटाउन, टैगोर टाउन, सोहबतियाबाग, मेडिकल कॉलेज, बालसन, कैंट, सर्किट हाउस रोड आदि पर लोगों ने परिवार के साथ होली के रंग से एक दूसरे को सराबोर किया। पुराने इलाकों में पुरानी परंपरा का नजारा देखने को मिला। कीडगंज, मुट्?ठीगंज,



दारागंज, अल्लापुर, धूमनगंज, कल्याणी देवी, बैरहना, बेनीगंज आदि इलाकों में लाउडस्पीकर के शोर के बीच होलियारों की टोली सड़कों पर हुड़दंग मचाने से नहीं चूकी। हर तरफ सड़क पर जो नजर आया उस पर रंगों की बारिश कर दी। जानसेन गंज, चौक, लोकनाथ, नखासकोहना, खुल्दाबाद, हिम्मत गंज, सत्तीचौरा आदि इलाकों में पानी के टैंकरों से एक दूसरे को भिगोया गया।

## पुराने शहर में सबसे ज्यादा डांस, मस्ती और धमाल

पुराने और घनी आबादी वाले इलाकों होली के रंग अलग तरह के नजर आए। यहां सबसे ज्यादा डांस, मस्ती, धमाल, हो हल्ला, एक दूसरे को दौड़ाने का सिलसिला चला। जानसेनगंज, लीडर रोड, हीवेट रोड, सुलाकी चौराहा, जीरो रोड, कटघर, मीरापुर, राजरूपपुर, सुलेमसरांय, बलुआघाट, पंजाबी कालोनी आदि इलाकों में युवाओं की टोली बाइक, कारों से हुड़दंग मचाती रही। सड़कों के किनारे ही युवओं ने महफिल जमाई। गाने, बजाने, थिरकने का सिलसिला घंटों चला।

## बच्चों ने खूब की मस्ती, छत-बालकनी से फेंका रंग

शहर के ज्यादातर इलाकों में उमंग, उल्लास का यह पर्व अबीर-गुलाल उड़ाकर खेला गया। शहर के कई मुहल्लों के साथ गांवों में सुख-शांति व समृद्धि की कामना के बाद परंपरागत तरीके से होली गीत गाए गए। गांवों में लोगों ने एक -दूसरे के घर जाकर होली गीत गाया। सबसे ज्यादा मस्ती बच्चों ने की। सुबह से ही पिचकारी लेकर एक -दूसरे पर रंग फेंक कर होली की बधाई देते रहे। बच्चों ने घरों की छत व बालकनी से आने-जाने वाले लोगों के ऊपर रंग फेंका। मोहल्लों में बच्चों की टोली एक -दूसरे पर रंग फेंकने को दौड़ लगाती रही। बच्चे मोदी, छोटा भीम, राक्षस और फिल्मी सितारों के मुखौटे पहनकर होली खेलते नजर आए।

सिर्फ रंग खेलने वालों को अंदर जाने की दी गई अनुमति

प्रयागराज में होली दो दिन ही खेली जाती है, लेकिन ठठेरी बाजार में तीसरे दिन भी रंग खेलने की परंपरा है। इसके चलते देश में यह अनोखी होली मानी जाती है। रंग चलने के कारण गली की सारी दुकानें बंद रहीं। वहां बाहरी लोगों का आवागमन पूरी तरह से रोक दिया गया था। सिर्फ रंग खेलने वालों को अंदर जाने की अनुमति थी। सुबह दस बजे से शुरू हुआ रंग खेलने का सिलसिला दोपहर दो बजे तक चलता रहा।



## ठठेरी बाजार में तीसरे दिन भी जमकर खेली गई होली, बिजली ने मजा किया किरकिरा

**प्रयागराज।** दो दिन संगमनगरी में रंगों की बारिश होने के बाद तीसरे दिन बुधवार को भी शहर की धड़कन कहे जाने वाले चौक क्षेत्र के ठठेरी बाजार में जमकर रंग बरसा। यहां लोगों ने एक-दूसरे को रंग, अबीर-गुलाल से सराबोर कर दिया। महिला, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग सबने जमकर होली खेली। हालांकि, बिजली की आंख-मिचौली से पर्व का मजा जरूर थोड़ा फीका रहा। दिन में रंग खेलने के बाद शाम को घर जाकर बधाई देने का सिलसिला शुरू हुआ।ठठेरी बाजार में होरियारों की टीम ने बुधवार को जोश भरा तो क्या बच्चे, क्या बुजुर्ग सभी पिचकारी लेकर रंग की जंग में आ डटे। यहां महिलाओं की भी अलग और अनूठी होली रही। ठठेरी बाजार में परंपरागत तरीके से सब्जी मंडी चौराहे के पास और जामा मस्जिद दोनों ओर बैरिकेडिंग कर दी गई थी। सड़क के बीचों बीच पानी से भरे टैंकर रखे थे। श्याम भवन के पास अबीर, गुलाल, रंग लेकर जुटे लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर होली की बधाई दी।

## राका गैंग के होली के बधाई के पोस्टर से होली में माहौल तनावपूर्ण




**उतरांव।** सरायममरेज थाना क्षेत्र के देवबरा पिपरी कुढ़वा आदि गाँवो में होली की सुबह जगह जगह एक पोस्टर चस्पा मिलता है जिसमे लिखा होता है -सभी देशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनायें राका गैंग "जिससे होली की शुभकामना देने की जगह इस पोस्टर की चर्चा का बाजार गर्म हो जाता है "कि आखिर यह गैंग अब क्या करना चाह रहा है "बताते चले कि अभी एक सप्ताह पूर्व राष्ट्रीय गायक विकास इलाहाबादी पर मर्रो चौराहे पर इस गैंग के सदस्यों के द्वारा हमला किया गया और जान से मारने की धमकी दी गई थी जिसका मुकदमा सरायममरेज थाने में आरोपी नीरज गुप्ता व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत है अभी उक्त गैंग द्वारा भाजपा के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक व गायक विकास इलाहाबादी पर हमले की जाँच हो ही रही थी कि उधर इस पोस्टर नें चौराहों पर चर्चे का माहौल गर्म कर दिया।सवाल यह उठता है कि आखिर यह पोस्टर भुक्तभोगी विकास इलाहाबादी के आस पास के कस्बो एवं चौराहो पर ही क्यों लगाया गया? आखिर यह गैंग अब किस घटना को अंजाम देने के फिराक में है।ससरायममरेज पुलिस का कहना कि इस तरह का कोई गैंग नहीं हैं सिर्फ दस बीस लड़को का समूह है जबकि सूत्रों के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार उक्त ग्रुप में तीन चार सौ सदस्य हैं और आरोपी ही गैंग का सरगना है जिसका एक धमकी भरा वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है और उक्त गैंग के तीन चार सदस्यों पर दुगार्गंज थाने पर भी मुकदमा दर्ज है।

## महिलाओं ने जमकर खेली फूलों की होली, जमकर किया नृत्य



**नैनी।** नैनी स्थित शिवाजी पार्क पीडीए कॉलोनी में महिलाओं की ओर से होली समारोह का आयोजन किया गया। इस इवेंट में होली का उत्साह लोगों के सिर चढ़कर देखने को मिला रंग गुलाल के साथ फगुआ के गीतों पर धमाल तन मन में उमंग भरा रहा।महिलाओं ने होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया इस होली मिलन समारोह में उम्र का बंधन टूट गया और हर उम्र की महिलाओं ने होली के गीतों पर जमकर डांस किया। वहीं महोल्ले की ही गुड़िया मिश्रा ने फगुआ गीतों को गाते हुए शमां बांधकर लोगों की तालियां बटोरीं आयोजक शीतला देवी ने सभी को धन्यवाद देते हुए रंगोत्सव की बधाई दी। इस मौके पर मोहनी द्विवेदी, हेमा द्विवेदी, पिंकी मिश्रा, दीपा सिंह, रीना सिंह, बेबी पंडिताइन, कुमद शाही आदि सैकड़ों महिलाओं ने शिरकत की।

# होली पर रणभेरी ताल पर पारंपरिक शस्त्रों के साथ झूमते हुए निकला विजय जुलूस

**वर्षो पहले होली के दिन अत्याचारी शासक को मार कर क्षेत्र को कर वसूली से दिलाई गई थी मुक्ति, तब से लोग अपने पूर्वजों का विजय जश्न मनाते है**

**झूंसी।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के दक्षिणी कोटवा, बेलवार, जमुनीपुर, सोतापुर के लोग वर्षों पुरानी परंपरा को आज भी कायम रखे हुए है। होली के दिन गाजे- बाजे के साथ विजय जुलूस लेकर निकले। हुजूम बना कर ग्रामीण सिर पर रंग बिरंगा साफा बाधे और हाथ में तलवारें, फरसा, बल्लम, लाठी लहराते हुए ढोल-नगाड़े की रणभेरी धुन पर उछलते कूदते बुजुर्ग, नवजवान, बच्चे सोमवार की दोपहर ककरा दुवार्सा आश्रम पहुंचे।

ऋषिराज दुवार्षा का पूजन दर्शन कर नवाब के अत्याचारी मुलाजिम की मजार पर रोष प्रकट घर लौट गए। शाम को फिर जमुनीपुर, बेलवार, दक्षिणी कोटवा गांव से बड़ी संख्या में लोग हुजूम बना कर निकले उसी तरह प्रदर्शन करते हुए अन्नपूर्णा धाम (बुट्टी मैया) पहुचे जहा विजय जुलुश पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। फिर दल सत्ती चौरा पहुचा वहा से ऐंद्री धाम जमुनीपुर में देवी दर्शन के बाद लोग एक दूसरे को गले



लगाया लगा कर होली की बधाई दी। पूर्व विधायक सुरेश त्रिपाठी, शशिकेंद्र सिंह, प्रधान जयराम सिंह, कुशल त्रिपाठी, अनूप सिंह, राजीव त्रिपाठी, अमर सिंह, अर्जुन सिंह, उमेश सिंह, गिरिजेश सिंह, आलोक त्रिपाठी, लोकेश सिंह, अमित सिंह, बंगाली बाबू, चंदन सिंह, उमेश त्रिपाठी, अनिल त्रिपाठी आदि जुलुश व्यवस्था में लगे रहे। विजय जुलूस सकुशल संपन्न कराने के लिए सरायइनायत इंस्पेक्टर पंकज कुमार राय, चौकी इंचार्ज हनुमंगज विपिन सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## कोराव में एक हिस्ट्रीशीटर व्यक्ति की हत्या,एक अज्ञात की लास बरामद

### मार्ग दुर्घटना में एक महिला सहित दो की मौत,एक सीरियस

**कोरांव।** थाना कोरांव क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में हत्या,मार्ग दुर्घटनाओं में कई जानें गईं और कई सीरियस दिखे। पुलिस को होली पर्व पर रात दिन गिरफ्तारी और लाश ढोने उपचार कराते व्यस्त रहना पड़ा। बता दें कि ग्राम बरोहां गाढ़ा में 26 मार्च की रात्रि कथित हिस्ट्री शीटर रेवती रमण शुक्ला की हत्या कर दी गई। पुलिस ने घटना की सूचना पर एक मंटू पटेल अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। देश योगेश्वर पटेल फरार है। लाश को पुलिस ने पोमा भेज दिया। आज गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेज दिया। इसी प्रकार महुली गांव में गुलबहार की पत्नी को एक ग्राम बसहा निवासी ने बाइक से उस समय जोरदार टक्कर मार दी जब वह सर पर घास ले कर घर जा रही थी। बाइक सवार फरार हुआ बाइक मौके पर लोगों ने कब्जे में ले लिया। लाश पोस्टमार्डम के बाद परिजनों को पुलिस ने सुपुर्द कर दिया।

इसी तरह ग्राम देवघाट फॉरेस्ट रेंज आफिसर कोरांव के कार्यालय के ठीक सामने मोड़ पर शराब के नशे में बुत संसारपुर गांव के निवासी रावेंद्र पुत्र मुन्नालाल,बीस वर्ष आलोक कुमार पुत्र प्रेम शंकर 25 वर्ष बाइक अनियंत्रित होने के कारण बिजली खंभे से टकरा कर बुरी तरह घायल होने पर एक की मौत हो गई एक जिला रेफर किया गया है जहां उसकी भी हालत चिंता जनक बनी हुई है। इसी तरह ग्राम बेलहत में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश बरामद हुई है जिसकी पहचान नहीं हो पाई पुलिस ने लाश पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# फूलपुर में शव दफनाने को लेकर पांच घंटे तक चला हंगामा, भारी फोर्स के बीच हुई पैमाइश

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** विवाहिता का शव दफनाने को लेकर बुधवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब कब्र खोदी जाने लगी। पड़ोसी गांव के लोगों ने यह कहते हुए शव दफनाने से मना कर दिया कि यह जमीन उनके गांव की है। इसे लेकर दो गांवों के लोग आमने-सामने हो गए। करीब 5 घंटे तक चले हंगामे के बाद भारी पुलिस बल की मौजूदगी में पैमाइश कराई गई तब जाकर सीमा विवाद समाप्त हो सका और पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। फूलपुर कोतवाली के इफको पुलिस चौकी क्षेत्र के कनौजा खुर्द गांव के रहने वाले अनिल कुमार की पत्नी सरिता देवी 32 की बीमारी के चलते मौत हो गई। बुधवार सुबह शव दफनाने के लिए गांव के पूर्वी छोर पर परिजन कब्र खोदना शुरू किया तो पड़ोसी गांव हैबतपुर जो हंडिया तहसील की सीमा का गांव है। प्रधान समेत गांव के लोगों ने यह कहते हुए कब्र खोदने से मना कर दिया कि उनके गांव के शमशान की भूमि है। वहीं मृतका के परिजन व ग्राम प्रधान समेत ग्रामीणों ने फूलपुर तहसील के कनौजा खुर्द गांव की भूमि होने का दावा करते रहे। मामला बढ़ा तो



इफको पुलिस चौकी इंचार्ज चंदन सरोज मय पुलिस बल के मौके पर पहुंच गए। उधर सूचना पर नायब तहसीलदार हंडिया के साथ ही हल्का लेखपाल व राजस्व टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस प्रशासन दोनों गांव के लोगों को काफी देर तक समझाने-बुझाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं मानें। जिससे सुबह से लेकर शाम करीब 3 बजे तक दोनों गांव के लोगों के बीच कहासुनी और हंगामे का दौर चलता रहा।

उधर राजस्व टीम ने सीमांकन किया तो कनौजा खुर्द गांव के शमशान की भूमि करीब 5 विश्वा निकली। शेष भूमि हैबतपुर गांव की रही। फिलहाल करीब 5 घंटे चले हंगामे के बाद पुलिस प्रशासन ने किसी तरह मामला शांत कराया।

**शव लेकर झूंसी चले गए गुस्साए परिजन, गंगा किनारे किया अंतिम संस्कार :** दो गांवों के सीमा पर स्थित शमशान की भूमि में शव दफनाने के मामले में पुलिस प्रशासन के पहुंचने के बाद भी हो रही देरी से गुस्साएं मृतक विवाहिता के परिजन शव का अंतिम संस्कार करने के लिए झूंसी के छतनाग घाट लेकर चले गए और गंगा नदी के किनारे शाम करीब 5 बजे के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया। उधर पुलिस-प्रशासन विवादित शमशान भूमि की पैमाइश कर चिंहित करने के बाद वापस चले।

**परिजन चार दिन से घर पर रखे थे मृतका का शव :** फूलपुर के इफको पुलिस चौकी क्षेत्र के कनौजा खुर्द गांव की रहने वाली सरिता देवी 32 की मौत 24 मार्च को बीमारी के चलते हुई थी। परिजनों के मुताबिक उसका पति अनिल कुमार मुंबई में रहकर नौकरी करता है। पत्नी की मौत की खबर मिली तो वह ट्रेन से घर के लिए रवाना हुआ। मौत के चौथे दिन बुधवार को वह घर पहुंचा तो गांव के शमशान भूमि पर शव दफनाने के लिए कब्र खोदने की प्रक्रिया शुरू हुई।

# पूर्व विधायक विजय मिश्र की करोड़ों की संपत्ति कुर्क

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज शहर के अल्लापुर में स्थित पुराना साकेत हॉस्पिटल की बिल्डिंग को भदोही पुलिस ने बुधवार को कुर्क कर दिया। यह संपत्ति ज्ञानपुर के पूर्व बाहुबली विधायक विजय मिश्र की बताई जा रही है। विजय मिश्र इस समय जेल में बंद हैं। उनके खिलाफ भदोही और प्रयागराज सहित यूपी के कई जिलों में विभिन्न आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। आज की यह कार्रवाई भदोही पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत की है।बड़ी संख्या में फोर्स के साथ अल्लापुर में पहुंची भदोही की पुलिस ने माफिया विजय मिश्र के इस करोड़ों की संपत्ति को कुर्क कर दिया। साथ ही मुनादी भी कराई गई। इसके पहले माफिया के कई करीबियों के साथ ही बेटी सीमा मिश्रा और भतीजे पूर्व ब्लाक प्रमुख मनीष मिश्र की भी करोड़ों की संपत्ति कुर्क की जा चुकी है। यह सभी संपत्ति प्रयागराज शहर के विभिन्न इलाकों में हैं। पुलिस के अनुसार माफिया की यह सारी संपत्ति आपराधिक कृत्य से बनाए गए धन से अर्जित की गई है।

**विजय के ऊपर दर्ज हैं 83 मामले :** बाहुबली पूर्व विधायक विजय मिश्रा के ऊपर हत्या, लूट, छिनैती, मारपीट, संपत्ति हड़पने और दुष्कर्म सहित 83 मामले दर्ज हैं। इस समय वह आगरा जेल में दुष्कर्म के मामले में सजा काट रहा है। इधर पुलिस लगातार उसके कुनबे और करीबियों पर कार्रवाई कर रही है। अपराध से अर्जित उसकी सम्पत्तियों को पुलिस लगातार जब्त करने का कार्य रही है।भदोही के जिला मजिस्ट्रेट विशाल सिंह की अदालत ने बीते 15 मार्च को प्रयागराज के बाघम्बरी गृह संस्थान योजना भवन संख्या 48 आधुनिक सुविधाओं से युक्त तीन मंजिला भवन, जो कि साकेत हॉस्पिटल के नाम से संचालित किया जा रहा था। उसे कुर्क करने का आदेश दिया था। इस भवन की अनुमानित कीमत 35 करोड़ पांच लाख रुपये है। इसे विजय मिश्रा ने अपने दामाद हरिशंकर मिश्रा के नाम से खरीदी थी। मजिस्ट्रेट ने कहा कि पूर्व विधायक ने अपने अवैध धन को वैध रूप देने के लिए इसे हॉस्पिटल के रूप में संचालित करा रहा है।

**पूर्व विधायक की कई और संपत्तियों पर हो चुकी है कार्रवाई :**

इसी तरह जिला मजिस्ट्रेट ने सरिता विहार नई दिल्ली स्थित कोपिया बिल्डिंग के द्वितीय तल पर आधुनिक सुविधाओं से सुस्सजित भवन जिसकी अनुमानित कीमत 70 करोड़ और आनंद लोक नई दिल्ली के प्रथम तल आधुनिक सुविधाओं वाले भवन जिसकी कीमत आठ करोड़ रुपये है। उसे कुर्क करने आदेश दिया। सरिता विहार नई दिल्ली की कोपियां बिल्डिंग के दूसरे तल को उसने पत्नी रामलली मिश्रा, बेटी सीमा मिश्रा और दामाद हरिशंकर मिश्रा के नाम से खरीदी थी। वहीं आनंद लोक के भवन को उसने अपने बेटे विष्णु मिश्रा के नाम से खरीदी थी। जिला मजिस्ट्रेट की अदालत के आदेश के तहत जिले की पुलिस ने प्रयागराज और नई दिल्ली पहुंचकर स्थानीय पुलिस व प्रशासन के सहयोग से दोनों संपत्तियों को कुर्क कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. तेजबीर सिंह ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद प्रयागराज और नई दिल्ली पहुंचकर आधुनिक सुविधाओं से युक्त करीब 113 करोड़ की संपत्ति को कुर्क कर दिया गया है। अपराध नियंत्रण और बाहुबलियों पर शिकंजा कसने की कड़ी में आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।



## बालक के अपहरण कर्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा कस्बा के गंजियाबाजार निवासी शिवम केसरवानी का चार वर्षीय पुत्र रियांश को 24 मार्च को अपहरण कर लिया गया था। देर शाम कटाता जलालपुर मातपुर नहर के किनारे मिला। आरोप है कि रियांश को घर से दो लोगों ने अपहरण किया था। मऊआइमा पुलिस ने बालक के पिता शिवम केसरवानी की तहरीर पर सुरेश कुमार पटेल तथा एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। समाचार लिखे जाने तक आरोपी गिरफ्तार नहीं हुआ था।

# होली पर्व मनाने के बाद वापसी करने वालों की बढ़ी भीड़, ट्रेनों में नहीं है जगह

**प्रयागराज।** होली के बाद वापसी करने वाले यात्रियों की भीड़ बुधवार को लंबी दूरी की ट्रेनों में खूब उमड़ी। नई दिल्ली, मुंबई, पुणे, बंगलूरू ही नहीं रांची, भुवनेश्वर, पुरी, हावड़ा, जयपुर की ओर जाने वाली ट्रेनें भी ठसाठस रहीं। तत्काल टिकट की आस में लोग आरक्षण काउंटर पहुंचे तो वहां चंद मिनटों में ही प्रतीक्षा सूची हो गई। इससे निराश होकर लोगों रोडवेज बसों से सफर करना पड़ा। होली के बाद लौटने वालों की भीड़ का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि अगले दो-तीन दिन तमाम ट्रेनों में नो रूम की स्थिति बनी है। प्रतीक्षा सूची का टिकट भी यात्रियों को उपलब्ध नहीं है। दिल्ली के लिए तत्काल टिकट कराने प्रयागराज जंक्शन पहुंचे वीके द्विवेदी ने बताया कि सुबह आठ बजे ही स्टेशन पहुंच गए। दस बजे जब तत्काल का रिजर्वेशन शुरू हुआ तो तत्काल टिकट चंद मिनट में ही समाप्त हो गए। नैनी के राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि यूं तो रेलवे की ओर से स्पेशल ट्रेनें भी पर्याप्त संख्या में चलाने का दावा किया जा रहा है, लेकिन किसी भी ट्रेन में उन्हें दिल्ली, आनंद विहार के लिए कंफर्म बर्थ नहीं मिली।प्रयागराज से नई दिल्ली जाने वाली प्रयागराज एक्सप्रेस की बात करें तो इस सीजन में पहली बार उसके स्लीपर कोच में प्रतीक्षा सूची का आंकड़ा 250 को पार गया। आनंद विहार जाने वाली हमसफर एक्सप्रेस के भी स्लीपर में प्रतीक्षा सूची 139 तक पहुंच गई। वहीं, रीवा व पुरुषोत्तम एक्सप्रेस के स्लीपर में नो रूम



हो गया। कमोवेश दिल्ली रूट की सभी ट्रेनों में लंबी प्रतीक्षा सूची रही। यही हाल मुंबई, दक्षिण भारत, जयपुर रूट पर जाने वाली ट्रेनों का रहा है। रामबाग के संदीप गुप्ता ने ट्रेनों में कंफर्म बर्थ नहीं मिलने से सिविल लाइंस से दोपहर में ही दिल्ली के लिए सीधी बस पकड़ ली। सिविल लाइंस बस स्टेशन पर गुरुग्राम जा रहे अल्लापुर के प्रवीण कुशवाहा ने कानपुर की बस पकड़ी। कहा, कानपुर से उनका बृहस्पतिवार की सुबह शताब्दी एक्सप्रेस में कंफर्म रिजर्वेशन है। वहीं, यूपी रोडवेज के सिविल लाइंस बस स्टेशन पर भी सुबह से ही पर्व मनाने के बाद अपने गंतव्य की ओर जाने वाले लोगों की भीड़ गई। इस दौरान रोडवेज ने तमाम रूट के लिए अतिरिक्त बसें संचालित कीं।

# कौशाम्बी लोकसभा सीट पर प्रत्याशी का नाम घोषित न होने से फीकी रही नेताओं की होली

## होली पर नहीं दिखी पहले की तरह समर्थकों मे रौनक़

**अखंड भारत संदेश**


सांसद विनोद सोनकर।


विधायक राजा भइया।

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** राजा भैया के गृह लोकसभा सीट पर किसी भी पार्टी द्वारा प्रत्याशी की घोषणा न किये जाने के कारण राजनीति के क्षेत्र से जुड़े लोगों मे उहापोह ही नजर आया। समर्थको समेत पार्टी कार्यालयों मे भी होली जैसी रौनक़ नजर नही आयी। जिसके चलते राजनैतिक दलो से जुड़े लोगों की होली का रंग उस तरह नही निखरा जैसे उम्मीद लगाई जा रही थी। भाजपा समेत समाजवादी और अन्य विपक्षी दलों ने अपना उम्मीदवार की घोषणा नही कए है। हालांकि भाजपा से जुड़े लोगों मे भी उम्मीदवार को लेकर दो तरह जी अफवाहैं बाजार मे तैर रही है। एक धड़ा जहाँ भाजपा के दस वर्ष से सांसद विनोद सोनकर की उम्मीदवारी तय मान रहा है वहीं दूसरा धड़ा इस बात का जोर शोर से प्रचार कर रहा है की इस बार पार्टी नये उम्मीदवार पर दांव खेलेगी और टिकट की घोषणा मे हो रहे विलम्ब के कारण जितनी मुंह उतनी बातों का दौर बाजार मे गरम है।

बताते चलें कि राज्यसभा मे भाजपा के उम्मीदवारों को कुंडा के विधायक राजा भैया और उनकी पार्टी के दूसरे विधायक विनोद सरोज ने अपना वोट भाजपा के उम्मीदवार को दिया बल्कि राजा भैया के सहयोग से कई अन्य विधायक भी अपनी पार्टियों से अलग होकर अपना वोट भाजपा प्रत्याशी को दिया जिसके चलते ये अनुमान भी लगाया जा रहा था की हो सकता है कि भाजपा कौशाम्बी लोकसभा सीट पर राजा भैया के उम्मीदवार को अपना समर्थन देकर ये सीट उनको दे दिया जाय। लेकिन भाजपा ने इस सीट को वेटिंग मे डालकर अफवाहो को बल दे दिया जिसके चलते लोग अनुमान पर अनुमान लगाए जा रहे हैं। हालांकि जानकारों का ये भी मानना है कि राजा भैया के प्रभाव वाली सीट पर बिना उनके सहयोग किसी का जितना चुनौती से कम नही होगा और लोकसभा कौशाम्बी के पांच विधानसभा मे दो कुंडा और बाबागंज विधानसभा पर राजा भैया का कब्ज़ा है, जिसके चलते कौशाम्बी सीट पर राजा भैया को हलके मे लेना किसी भी दल के लिए आसान नही होगा। वहीं भाजपा के सामने भी सांसद से लोगों का असंतुष्ट होना एक बड़ी

# अडिशनल एसपी ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**


मतदान केन्द्र का निरीक्षण करते अडिशनल एसपी।

**प्रतापगढ़।** जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन एवं एसपी सतपाल अंतिल के निर्देश पर लोकसभा के चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से निष्पक्ष तरीके से सकुशल संपन्न कराने हेतु चुनाव की तैयारी का जायजा लेते हुए जिला प्रशासन नजर आ रहा है। अंतू इलाका के कोल बजरडीह गांव में मतदान केंद्र का भौतिक सत्यापन करने पहुंचे एसडीएम सदर और सीओ सिटी शिवनारायण निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं दूसरी ओर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय जेठवारा थाना क्षेत्र के गोपालपुर मतदान केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उसके बाद एडिशनल एसपी लक्ष्मणपुर मतदान केंद्र का भौतिक सत्यापन किया उसके बाद फिर जेठवारा थाना क्षेत्र के कानूपुर मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। उसके बाद एडिशनल एसपी ने संदिग्ध वाहनों की चलाई चेकिंग अभियान कई वाहनों को रुकवा कर दस्तावेज एवं वाहन की तलाशी ली गई काली फिल्म को गाड़ी से उतरवाया गया आदर्श आचार संहिता का शक्ति से पालन हो रहा है। उसके बाद एडिशनल एसपी कटरा गुलाब सिंह मतदान केंद्र का निरीक्षण किया।

# एसबीआई ग्राहकों के खाता से करोड़ों रुपए लेकर बैंक मैनेजर फरार

## ग्राहकों ने शाखा प्रबंधक पर लगाए गंभीर आरोप, एसबीआई लीलापुर शाखा का है मामला

**अखंड भारत संदेश**


सबीआई लीलापुर के बाहर जमा ग्राहकों की भीड़।

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एसबीआई शाखा लीलापुर में ग्राहकों के खाते में जमा करोड़ों रुपया शाखा प्रबंधक लेकर फरार हो गया। मामले की जानकारी होते ही एसबीआई के उच्चाधिकारियों ने मैनेजर को निलंबित करते हुए जांच शुरू कर दी है। जानकारी पर ग्राहकों का हुजूम बैंक पहुंचकर हंगामा करने लगा। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर किसी तरह मामला शांत कराया।

लीलापुर थाना स्थित एसबीआई लीलापुर के शाखा प्रबंधक जयनाथ सरोज बैंक के ग्राहकों के खाते से करोड़ों रुपया निकालकर फरार हो गया।ग्राहकों के मुताबिक मैनेजर लोगो के घर जाकर उनके एफडी के भुगतान के लिए पूरी प्रक्रिया पखवारे भर पहले से करवा रहे थे। ग्राहक भी मैनेजर के विश्वाश पर उनके कहने पर प्रक्रिया करने को तैयार हो जाते थे, साथ ही लोन खाता धारकों के एसबी खाता से भी गबन का आरोप है। जानकारी पर बैंक में बुधवार को लोग पहुंचकर हंगामा करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामला शांत कराया। उधर एसबीआई के उच्चाधिकारियों ने मैनेजर को निलंबित करते हुए पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

# हिन्दुस्तानियों की एकता दुनिया में बेमिसालः प्रमोद तिवारी

**अखंड भारत संदेश**

### होली मिलन समारोह में सौहार्द व प्रेम को बताया सबसे बडी राष्ट्रीय शक्ति

**लालगंज प्रतापगढ़।** सांगीपुर स्थित गांधी इण्टरमीडिएट कालेज में विद्यालय परिवार द्वारा बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के सामने बने सभागार में हुए समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबन्धक एवं राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि प्रेम और सौहार्द हमारी सबसे बडी राष्ट्रीय शक्ति है।

उन्होने कहा कि दुनिया में हिन्दुस्तानियों की एकता बेमिसाल है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि हिन्दुस्तानियों की इस एकजुटता की ताकत से दुनिया की कोई भी शक्ति भारत के आन बान व मान पर आंच नही ला सकती। कार्यक्रम में बडी संख्या मे मौजूद अभिवावको से संवाद करते हुए उन्होने कहा कि समाज मे सभी को बराबरी का हक मिले इसके लिए मेधावियो को घर तथा विद्यालय मे मजबूत शैक्षिक परिवेश की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि होली सही मायने मे हमे आपसी दूरियों को मिटाकर समाज और देश के निर्माण मे नवजीवन के मार्ग पर आगे बढने का संकल्प है। इसके पहले राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने सभागार में मौजूद अभिवावको व प्रधानों तथा क्षेत्र पंचायत सदस्यो से मिलकर स्वयं तथा क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की ओर से बहुमुखी विकास की मजबूती के संकल्पो को लेकर शुभकामनाएं सौपी। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू व संचालन पूर्व प्रधानाचार्य सुधाकर पाण्डेय ने किया। पूर्व प्रमुख दृगपाल यादव ने अतिथियों का स्वागत तथा प्रधानाचार्य डा. अमिताभ शुक्ल ने आभार जताया। समारोह मे विशिष्ट अतिथि लालगंज प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज रहे। वही दोपहर राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी होली पर सांगीपुर बाजार मे व्यापारियों को भी गले लगाया। उत्साहित व्यापारियों को राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी पर जगह जगह पुष्पवर्षा कर उनका जोरदार स्वागत करते देखा गया। इस मौके पर पूर्व प्रमुख रामकृपाल पासी, जिपंस अरविन्द सिंह, रिंकू सिंह परिहार, लल्लन सिंह, अशोकधर दुबे, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, डा. निरंकार सिंह, नन्हें खां, अरविंद मिश्र, रामबोध शुक्ल, गुडडू सिंह, रोहित सिंह, त्रिभु तिवारी, पं. कैलाशपति मिश्र, आशुतोष मिश्र आदि रहे।

# तीसरे दिन हुआ महिला का अंतिम संस्कार

## परिजनों ने एसडीएम को सौंपा मांग पत्र, लीलापुर थाना क्षेत्र में महिला की हत्या को लेकर गांव में तनाव का माहौल

**अखंड भारत संदेश**


एसडीएम व सीओ को मांग पत्र सौंपते मृतका के परिजन व ग्रामीण।

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मारपीट की घटना में महिला की हत्या को लेकर गांव मे तीसरे दिन बुधवार को भी तनाव का माहौल देखा गया। वही परिजनो ने मृतका का घटना के तीसरे दिन गांव मे ही अंतिम संस्कार कर दिया। अंतिम संस्कार के पहले मृतका के पति ने शासन के नाम अफसरो को सौपे गये ज्ञापन मे सुरक्षा व आर्थिक मदद समेत कई मांगे भी रखी हैं।

लीलापुर थाना के गोविन्दापुर गांव में होली की शाम डीजे की धुन को लेकर दो भाईयो में विवाद हो गया। विवाद बढ़कर मारपीट तक पहुंच गया। लक्ष्मीकान्त की पत्नी कलावती पति के साथ मारपीट देख उसे बचाने पहुंची। तभी कलावती के जेठ शिवकैलाश तथा उसकी पत्नी संगीता व पुत्र दीपक ने कलावती के ऊपर लाठी से सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले मे घायल कलावती को इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेण्टर लाया गया तो यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीएम के बाद मंगलवार को दोपहर बाद कलावती का शव घर पहुंचा। शव के समीप उसके दो मासूम बच्चे आयुष 08 तथा शिवम 06 बिलखने लगे। मासूम बच्चों को बिलखता देख गांव के लोगों की भी आंखे भर आयीं। मृतका का एक भाई कलकत्ता में कारोबारी के सिलसिले में रहता है।

उसकी प्रतीक्षा में शव का मंगलवार को अंतिम संस्कार नही कर सके। बुधवार की सुबह परिजनो की मांग पर लालगंज एसडीएम प्रवीण कुमार द्विवेदी व सीओ रामसूरत सोनकर, लीलापुर के प्रभारी निरीक्षक नागेन्द्र सिंह के साथ परिजनो के बीच पहुंचे। यहां मृतका के पति व गांव के लोगों ने शासन के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सरकार से बीस लाख रूपये आर्थिक सहायता तथा शस्त्र लाइसेंस व मासूम बच्चों की उच्च शिक्षा तक पठनपाठन की गारण्टी समेत कई मांगे उठायी गयी है। एसडीएम व सीओ ने मांगों को शासन तक भेजवाये जाने का भरोसा दिलाया। इसके बाद परिजनों ने गांव में ही मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं कलावती हत्याकाण्ड को लेकर पुलिस दो आरोपियो को जेल भेज चुकी है। तीसरे आरोपी दीपक की पुलिस सरगर्मी से तलाश का दावा जताती देखी गयी।

# राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं उत्सव

## शारदा संगीत महाविद्यालय में आयोजित हुआ होली मिलन समारोह



होली मिलन समारोह में मौजूद साहित्यकारगण।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** होली मिलन के अन्तर्गत कवि गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन शारदा संगीत महाविद्यालय के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि भारत एक उत्सवधर्मी राष्ट्र है और हिंदी हिंद का गौरव है।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार एवं पर्यावरणविद् डॉ0 अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि उत्सव राष्ट्र को एकसूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं। हिंदी भाषा का अधिकाधिक प्रयोग हमारी जिम्मेदारी है। कवि गोष्ठी में अनीस देहाती, डॉ0 शाहिदा, संगम त्रिपाठी भंवर, श्याम मनमौजी, जगदम्बा मधुर, प्रेम त्रिपाठी प्रेम, कुंज बिहारी काकाश्री, आव्या शुक्ला, अमरनाथ बेजोड़, अनिल कुमार निलय, डॉ0 अशोक अग्रहरि आदि कवियों ने काव्यपाठ किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रोशनलाल ऊमरवैश्य, संगमलाल त्रिपाठी भंवर, आनंद मोहन ओझा, डॉ0 शाहिदा एवं अनीस देहाती की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में डॉ0 अर्जुन पाण्डेय एवं आव्या शुक्ला को साहित्य शिरोमणि सम्मान से एवं प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम, श्रीनाथ मौर्य सरस व कुंजबिहारी काकाश्री को चित्रकूट जनपद के कोबरा में शोभा देवी स्मृति साहित्य सम्मान प्राप्त होने के उपलक्ष्य में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार निलय ने किया। कार्यक्रम में विनोद कुमार, प्रभाकर पांडेय, अशोक कुमार, अंशिका शुक्ला, महेन्द्र आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में पुष्पों की होली खेलकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

# होली मिलन समारोह में मातृशक्तियों पर बरसाए गए फूल

**अखंड भारत संदेश**


होली मिलन समारोह में फूलों की होली खेलती महिलाए।

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बुधवार को तहसील पट्टी मुख्यालय पर संचालित रामनारायण इंटरमीडिएट कॉलेज एवं शिशु निकेतन परिसर में मातृशक्तियों के लिए होली मिलन समारोह का आयोजन विद्यालय परिवार की तरफ से किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि पट्टी नगर पंचायत के अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल की पत्नी आशा जायसवाल कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। जिसके बाद विद्यालय की अध्यापिकाएं ने अभिभावक के समक्ष उद्बोधन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन उप प्रधानाचार्या अनुराधा शर्मा ने कहा की यह कार्यक्रम मातृशक्तियों के विशेष मिलन समारोह के रूप में होली पर्व के उपरांत किया गया है। उन्होंने बताया कि महिलाएं विवाह के बाद जब मन के रूप में आती हैं तब उन्हें अपनी आवश्यकताएं याद नहीं रहती हैं ।अपने शौक पूरे नहीं कर पाती हैं जिन सबको एकत्रित करके रंग उत्सव के पर्व में सराबोर करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित बहनों ने सफल बनाया है सभी के प्रति आभार प्रकट किया। इस दौरान दीपा मिश्रा, रीता उपाध्याय, अंकिता मिश्रा, अनुष्का सिंह, रिया सिंह, लक्ष्मी जायसवाल, अनुराधा मौर्य आदि लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# अनियंत्रित कार खड्ड में गिरी, तीन महिलाएं गंभीर रूप से चुटहिल

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** राहगीर को बचाने के प्रयास मे कार अचानक अनियंत्रित होकर गडढ में गिर गयी। दुर्घटना मे तीन महिलाएं गंभीर रूप से चुटहिल हो गयीं। हालांकि चालक पुष्पेन्द्र को मामूली चोटे आयी हैं। पडोसी जिले रायबरेली के जगतपुर निवासी पुष्पेन्द्र सिंह की पत्नी सुनीता सिंह 32 तथा विक्रम सिंह की पत्नी राजकुमारी सिंह 45 व चूड़ामणि की पत्नी माधुरी सिंह 50 लीलापुर थाना के बहुंचरा गांव रिश्तेदार ज्ञानेन्द्र सिंह के घर निमंत्रण में कार से आ रही थी। कार सुनीता के पति पुष्पेन्द्र चला रहे थे। लालगंज कोतवाली के नया का पुरवा के पास नेशनल हाइवे पर एक राहगीर को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित हो गयी। कार अचानक हाइवे के समीप खडढ़ में जा गिरी। दुर्घटना में कार सवार महिलाओं को गंभीर चोटें आ गयी। स्थानीय लोगों की सूचना पर एम्बुलेंस पहुंची। घायलो को लालगंज ट्रामा सेण्टर इलाज के लिए लाया गया। यहां गंभीर स्थिति में सुनीता व राजकुमारी तथा माधुरी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी पाकर लालगंज पुलिस भी ट्रामा सेण्टर पहुंची।

# पट्टी तहसील का बस स्टेशन बना प्राइवेट वाहनों का अड्डा

### परिवहन निगम की बसों की जगह खड़ी होती है प्राइवेट कारें

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तहसील में बना बस स्टेशन पट्टी प्राइवेट वाहनों को खड़ा करने का स्टेशन बन गया है। यहां पर परिवहन निगम की बसे तो नहीं खड़ी दिखती है। लेकिन मनमानी ढंग से यहां के लोग अपनी निजी कारों को बस स्टेशन के भवन के अंदर खड़ी करते हैं। और पट्टी का बस स्टेशन प्राइवेट वाहनों का अड्डा साबित हो रहा है।

पट्टी तहसील क्षेत्र में लोगों को परिवहन विभाग की अच्छी सुविधा देने के लिए पट्टी तहसील मे तहसीलदार के आवास के सामने बेश कीमती करोड़ों की जमीन में बस स्टेशन भवन और बाउंड्री वाल का निर्माण कराया गया था। इसी रूट से प्रतापगढ़ रायबरेली लखनऊ दिल्ली और जौनपुर वाराणसी के लिए परिवहन निगम की बसें चलती है। पट्टी में बने परिवहन विभाग

### अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा बस स्टेशन पट्टी

का बस स्टेशन जर्जर होकर अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। और पट्टी बस स्टेशन पर अंदर परिवहन निगम की बसें तो नहीं खड़ी होती हैं। लेकिन प्राइवेट कार चालक अपनी अपनी कारे खड़ी कर परिवहन विभाग के बस स्टेशन पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिए हैं। जिससे परिवहन विभाग के बसों को खड़ी करने में भारी परेशानी झेलनी पड़ती है।

# यूनिक फुट बियर से चोरी करते पकड़ी गई महिलाएं

## सूचना पर पहुंची पुलिस कर रही है पूछताछ

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कस्बे में राम राज इंटर कॉलेज के सामने यूनिक फुट वियर की दुकान पर कुछ महिलाएं पहुची और सैंडिल दिखाने की बात करने लगी दुकानदार जब समान दिखाने लगा तो उक्त महिलाएं दुकान से सैंडिल व कुछ चप्पल ले कर भागने लगी। लेकिन दुकानदार के हल्ला गुहार मचाने के बाद अन्य दुकानदार दौड़ाकर पकड़ लिए और तत्काल डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँची पुलिस महिलाओं को थाने लाई जहां पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। बताते चलें कि तीन माह पूर्व भी इस तरह की घटना पट्टी कस्बे में घटित हो चुकी है। फिलहाल महिलाओं को थाने पर ले जाकर पुलिस पूछताछ कर रही है। कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि सूचना मिलने के बाद मौके से महिलाओं को थाने लाया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। दुकानदार ने प्रार्थना पत्र दिया है मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# पांच आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना क्षेत्र के मुबारकपुर राजापुर गांव निवासी श्याम सुंदर मिश्र पुत्र स्व. रामपियारे मिश्र ने थाने पर तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि रविवार की शाम लगभग साढ़े आठ बजे होली मिलन से घर लौट रहा था। इसी बीच अशोक कुमार सिंह उर्फ आशीष, पवन कुमार सिंह उर्फ पंकज, अनंत बहादुर सिंह उर्फ अंतिम पुत्रगण शेरबहादुर सिंह निवासीगण पखनपुर नसीरपुर तथा दो अज्ञात लोगों ने रोक लिया और भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लात घूंसो डंडे से मारने लगे। वहीं अशोक सिंह ने लोहे के राड से सर पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे खून से लथपथ होकर गिरकर अचेत हो गया। यह देख जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पुलिस जाँच कर आरोपियों पर जानलेवा हमला का मुकदमा दर्ज कर दिया है।

# आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन होने पर करें शिकायतः एडीएम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष, शान्तिपर्णू, पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल एप को विकसित किया गया है। उन्होने बताया है कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन सम्बन्धी प्रकरणों को सी-विजिल एप के माध्यम से शिकायती की जा सकती है। इसकी मदद से चुनावों में किसी भी तरह की धांधली को लेकर रिपोर्ट किया जा सकता है। यह ऐप गुगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। उन्होंने समस्त राजनैतिक दलों से अनुरोध किया है कि पार्टी के प्रचार प्रसार में होने वाले प्रयुक्त वाहनों की अनुमति प्राप्त करने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सुविधा पोर्टल को विकसित किया गया है, जनसेवा केन्द्रों के माध्यम से वाहनों की अनुमति हेतु आनलाइन आवेदन किया जा सकता है, आवेदन पत्र के साथ वाहन चालक का लाइसेंस, वाहनों का रजिस्टेट्रशन सहित अन्य प्रमाण पत्र आवश्यक है।

# परिषदीय स्कूलों में तीन दिन में तैयार करना होगा रिपोर्ट कार्ड

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** परिषदीय स्कूलों में नया सत्र एक अप्रैल से शुरू हो रहा है। वार्षिक परीक्षा का रिजल्ट भी इसी दिन छात्रों को दिया जाना है। निर्धारित समय में परीक्षा फल वितरित करना एक चुनौती होगा। जिले में 2372 परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक तथा कंपोजिट विद्यालय संचालित है। इनमें 2,57,692 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। 27 मार्च को वार्षिक परीक्षाएं समाप्त हो रही हैं। इसके बाद 31 मार्च तक परीक्षा परिणाम घोषित करना है। 29 मार्च को गुड फ्राइडे तथा 31 मार्च को रविवार है। परीक्षा के बाद सिर्फ एक दिन 28 मार्च का समय बच रहा है, ऐसे में मूल्यांकन पूरा करना चुनौती होगी। एक अप्रैल से नया सत्र शुरू हो रहा है। पहले दिन स्कूल के परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद नई किताबें भी बच्चों को दी जाएंगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि परीक्षा फल समय से बच्चों को वितरित किया जाएगा, इसके लिए विभाग तैयार है।

## ज्वेलरी की दुकान से हजारों के जेवर लेकर चंपत हुए चोर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** दयालगंज बाजार में ज्वेलर्स की दुकान से चोर हजारों के गहने चुराकर फरार हो गये। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। बता दें कि निखिल सोनी पुत्र स्वर्गीय अनिल कुमार सोनी निवासी आमांपुर ने दयालगंज बाजार में मां विंध्यवासिनी के नाम से ज्वेलरी की दुकान खोल रखी है मंगबार की रात निखिल सोनी दुकान में लगे शटर में ताला लगाकर अपने चला गया। सुबह आकर देखा तो दुकान के पीछे ईट की दीवाल काट कर अज्ञात चोर दुकान के अंदर प्रवेश कर दुकान में रखे निखिल पॉलिश के जेवरात कीमत तकरीबन बीस के व गल्ले में रखें 500 नगद पर हाथ साफ कर दिया था घटना की जानकारी होने पर आसपास की दुकानदारों की भीड़ जुट गई पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। आसपुर देवसरा थाना अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि घटना की शिकायत मिली है मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# ननिहाल आई मासूम आग में जिंदा जली

अखंड भारत संदेश

## चना का होरा भूजते वक्त भड़की आग ने 5 घरों को बनाया निशाना



**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर मडुकी गाव मे खेत के चना का होरा भूनते वक्त आग भड़क गई और गांव के 5 घर को अपने आगोश में ले लिया देखते देखते 5 घर की गृहस्थी आग में जलकर राख हो गई।इस बिकराल अग्निकांड मे अपने नाना के घर आई एक 4 साल की मासूम जिंदा जल गई।तमान प्रयास के बाद मासूम को घर से बाहर नहीं निकाला जा सका। स्थानीय लोगों के साथ पुलिस व दमकल की टीम ने काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। एसडीएम ने जांच के बाद मृतक बच्ची के माँ को दैवीय आपदा कोष से आर्थिक मदद दिये जाने का भरोषा दिलाया है। एसडीएम के मुताबिक जिनके मकान जले है उन्हे भी राजस्व टीम द्वारा नुकसान के आकलन पर मुआवजे की आर्थिक सहायता दी जाएगी। जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली के रामपुर मडुकी फैजीपुर गांव मे दसरथ पुत्र भूससु का परिवार रहता है। होली के मद्देनजर दसरथ के घर उसकी विधवा बेटी फूलकली पत्नी स्व उमेश कुमार निवासी झलवा थाना धूमनगंज प्रयागराज अपने 2 बेटी अनुष्का 4 वर्ष व नमिता 6 माह के साथ आई हुई थी। बुधवार की शाम घर परिवार के लोग खेत मे काम करने गए थे। अनुष्का और नमिता घर में सो रही थी। इसी बीच घर मे रहस्यमय तरीके से आग लग गई। आग ने विकराल रूप लेकर घर को अपनी चपेट मे ले लिया तो लोगों को जानकारी हुई। आनन फानन मे परिवार के लोगो ने आग के बीच घिरी नमिता को बाहर निकाल लिया लेकिन अनुष्का 4 वर्ष घर के अंदर आग मे घिरकर जिंदा जल गयी जिससे उसकी मौत हो गयी। दशरथ के घर से आग ने भयानक रूप लेकर गांव के राजेश, नरेश, राकेश, भैयालाल, के घरो को अपनी चपेट मे ले लिया। भीषण अग्निकांड मे 5 घरो की गृहस्थी जलकर राख बन गई। आग लगने की सूचना पर थाना मंझनपुर पुलिस व दमकल की दो गाड़ी ने मौके पर पहुचकर आग पर काबू पाया। मौके पर जांच को पहुचे एसडीएम महेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि अग्निकांड के मामले की जांच के आदेश दिये गए है। आग लगने से मृत बच्ची अनुष्का की माँ फूलकली को दैवीय आपदा कोष से आर्थिक मदद के 4 लाख रुपये दिए जाएगे। इसके अलावा जिन घरों मे आग लगने से नुकसान हुआ है। इसका आकलन कर राजस्व टीम की रिपोर्ट के आधार पर मुआवजा दिया जाएगा। पुलिस ने मृतक मासूम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



# नम आंखों से शहीद पुलिस कर्मी को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

### पुलिस लाइन में मृतक सिपाही के परिजन भी रहे मौजूद

**कौशाम्बी।** होलिका दहन के बाद जहां कौशांबी में लोग रंग बिरंगी होली खेल रहे थे वही होली के त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए मंगलवार को सदीपन घाट थाना में नियुक्त आरक्षी अनुराज सिंह यादव की सड़क दुर्घटना के कारण असामयिक दुखद मृत्यु हो गई थी संदीपन घाट थाना में नियुक्त आरक्षी अनुराज सिंह के सड़क दुर्घटना में मृत हो जाने से कौशांबी जनपद में दुखों का पहाड़ टूट गया पुलिस कर्मियों ने मृतक अनुराज सिंह यादव के परिजनों को सूचना दी सूचना पाकर परिजनों के घर में दुख का पहाड़ टूट पड़ा जैसे ही खबर परिजनों को मिली और जो जहां सुना वही लोगों के आंखों से दुखों के आंसू का ढेर बहता रहा ।परिजन कौशांबी आकर पुलिस लाइन गए जहां पर मृतक अनुराज सिंह यादव का पार्थिव शरीर रखा हुआ था पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक सहित जनपद के तमाम पुलिस कर्मियों ने विधिक प्रक्रिया द्वारा मृतक अनुराज सिंह यादव को नम आंखों से श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## राजनैतिक दल प्रत्याशी घर बैंठे ऑनलाइन आवेदन कर प्राप्त कर सकतें हैं परमिशन

**कौशाम्बी।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा सामान्य निर्वाचन के राजनैतिक दलों/प्रत्याशियों को अधिक से अधिक ऑनलाइन सुविधायें प्रदान की जा रहीं हैं। राजनैतिक दल/प्रत्याशी आयोग की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन नामांकन का आवेदन तथा ऑनलाइन अनुमति घर बैठें प्राप्त कर सकतें हैं। यह जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड ने देते हुए बताया कि राजनैतिक दल/प्रत्याशी आयोग की वेबसाइट पर जाकर संसदीय निर्वाचन के विकल्प को चुनेगें, इसके बाद सामान्य निर्वाचन 2024 के ऑप्शन को क्लिक करेंगे एवं अपना मोबाइल नम्बर फीड करके ओ.टी.पी. प्राप्त कर सबमिट करेंगे। तत्पश्चात परमिशन विकल्प को चुनकर अपना नाम सहित डिटेल भरकर प्रोफाइल बनायेंगे। इसके बाद विभिन्न प्रकार की अनुमति यथा-रैली, मीटिंग एण्ड लाउडस्पीकर, हेलीकॉप्टर एण्ड हेलीपैड, वाहन, वाहन विथ लाउडस्पीकर, अस्थायी कार्यालय, वीडियो वैन, वाहन की अनुमति अन्तर्जनपदीय, भाषण देने के लिए मंच की अनुमति, नुक्कड़ सभा, प्रचार सामग्री के मूवमेण्ट के लिए अनुमति तथा स्टार प्रचारकों की अनुमति आदि परमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकतें हैं। राजनैतिक दल/प्रत्याशी को अनुमति के लिए 48 घण्टे पूर्व ऑनलाइन आवेदन करना होगा। अगर प्रत्याशी ऑनलाइन नामांकन आवेदन करतें हैं तो ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी करने के बाद ऑनलाइन नांमाकन-पत्र एवं सम्बन्धित समस्त अभिलेखों की हार्डकापी और जमानत राशि की रसीद के साथ रिटर्निंग अफसर के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। खास बात यह भी हैं कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से नामांकन का आवेदन करने के सभी पुराने विकल्प भी खुले रखें गये हैं। यह प्रत्याशियों पर निर्भर करेंगा कि वह आयोग का कौन सा विकल्प चुनेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए नांमाकन-पत्र दाखिल करने के एक दिन पूर्व नया बैंक खाता खोलना अनिवार्य है। नांमाकन-पत्र प्रस्तुत करने के साथ इसकी लिखित सूचना रिटर्निंग आफिसर को देनी होगी। अभ्यर्थी बैंक खाता अपने नाम या अपने निर्वाचन अभिकर्ता के साथ सयुक्त नाम से खोल सकता है।

# आतंक की हद होली के जश्न में डीजे ना बंद करने पर हमला

## होली पर डीजे बंद कराने को लेकर तीन दर्जन लोगों ने कुल्हाड़ी फरसा से किया हमला, पुलिस ने 13 नामजद सहित कई अज्ञात पर मामला किया दर्ज

अखंड भारत संदेश





**कौशाम्बी।** जिले के करारी थाना क्षेत्र में होली के दौरान डीजे बंद कराने को लेकर मंगलवार की दोपहर से ही विशेष वर्ग के लोगों ने विवाद उत्पन्न कर दिया देर शाम 5 बजे जबरन डीजे बंद कराने को लेकर वर्ग विशेष के तीन दर्जन लोग कुल्हाड़ी फरसा लेकर होली मना रहे लोगों पर चढ़ाई कर दिया और दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया जान बचाकर लोग घर के भीतर घुसे तो घर के भीतर भी घुसकर लोगों पर हमला किया गया महिलाओं से छेड़खानी की गई जिससे कई लोगों को चोटे आई है दो वर्ग के लोगो में विवाद के बाद दोनो वर्गो के लोगो में मारपीट भी हो गई,विवाद और मारपीट के बाद गांव में तनाव की स्थिति बन गई, दो वर्गों में विवाद की सूचना पर भारी मात्रा में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और मामले को शांत किया। स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है।

जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के छिमिरछा गांव में होली के दिन मंगलवार की दोपहर के वक्त अशोक कुमार लोधी के घर के पास लोग होली के पर्व पर डीजे बजाकर जश्न मना रहे थे लेकिन डीजे बजाने से वर्ग विशेष के लोगों को आपत्ति थी और डीजे बजाने से लोगों ने मना किया दोपहर के वक्त लोगों ने डीजे बंद कर दिया लेकिन शाम को 5 बजे दोबारा डीजे बजाना शुरू किया जिस पर फिर आपत्ति की गई शहजादे नूरुन मेहताब असगर इफान मोहम्मद कादिर उमर अली गुलाम वारिस रफीक मोहम्मद राशिद चांद बाबू जुम्मन शहंशाह मुतुर्जा सहित तीन दर्जन लोग एकत्रित होकर लाठी फरसा कुल्हाड़ी लेकर पहुँचे और डीजे बजाने से मना किया लाठी फरसा कुल्हाड़ी लेकर होली मना रहे लोगों के घरों पर वर्ग विशेष के तीन दर्जन लोग चढ़ गए होली मना रहे लोग जान बचाकर घर के भीतर घुसे तो घर के भीतर घुस कर भी लोगों को मारा पीटा गया काफी देर तक जमकर नग्न तांडव किया गया बवाल की सूचना पर कई थानों की फोर्स के साथ सीओ मौके पर पहुंचे व विवाद का हल कराया। सुरक्षा के मद्देनजर गांव में पुलिस फोर्स तैनात की गई है इस हमले में मुकेश सरोज कुलदीप लोधी रामशरण रूद्र प्रताप आदि लोग लहू लुहान हो गए हैं आरोप है कि महिलाओं के साथ वर्ग विशेष के लोगों ने छेड़खानी भी की है विवाद की सूचना पर सीओ मंझनपुर सत्येंद्र तिवारी, करारी, पश्चिम शरीरा, महेवाघाट व कौशाम्बी थाना की फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने किसी तरह मामला शांत कराया एसपी वृजेश कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि छिमिरछा में होली पर्व पर बाजा बजाने को लेकर दो पक्ष में विवाद की सूचना पर सीओ नेतृत्व में चार थाना की फोर्स भेजी गई है। गांव में शांति व्यवस्था बनी हुई है। मामले में जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाई जाएगी।वही पुलिस ने देर रात वर्ग विशेष के 13 नामजद और दर्जनों अज्ञात लोगो के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और जांच में जुट गई है।

# टिकट के दावेदारी से निराश हुए कौशांबी सांसद विनोद सोनकर

अखंड भारत संदेश

## कौशांबी सांसद ने वॉल पेंटिंग से हटाया अपना नाम और निशान भी हटाया



**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी से टिकट न मिलने की उम्मीद के बाद कौशांबी सांसद विनोद सोनकर ने दीवारों में वॉल पेंटिंग को मिटवाना शुरू कर दिया है जो लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है आगामी लोकसभा 2024 का बिगुल भर चुका है जिस पर कौशांबी सांसद विनोद सोनकर के विपक्ष वर्तमान सांसद विनोद सोनकर को कौशांबी से टिकट दोबारा ना मिल सके कौशांबी जनपद में जन-जन की यही मनसा रहेगी लोगों का कहना है कि कौशांबी सांसद ने जनपद में विकास कुछ नहीं किया है जिस पर सांसद की बड़ी ही खिल्ली उड़ाई गई जिस पर भाजपा के शीर्ष नेताओं ने विचार विमर्श करते हुए विनोद सोनकर को कौशांबी लोकसभा सीट से चुनाव न लड़ाने का निर्णय लिया जिस पर कौशांबी सांसद ने दीवाल पर वॉल पेंटिंग कराया था जिस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद अमित शाह जिंदाबाद भाजपा पार्टी जिंदाबाद और कमल का निशाना बनवाया था वर्तमान सांसद को जैसे ही खिल्ली उड़ाने की आहट मिली तो सांसद ने वॉल पेंटिंग को तत्काल प्रभाव से मिटवा दिया इससे यह साबित हो गया कि कौशांबी संसदीय सीट से वर्तमान सांसद बहुत तेजी से नाराज है। भाजपा में गुटबाजी के चलते सांसद को टिकट मिलने की उम्मीद खत्म हो गई है।

## भारतीय स्टेट बैंक मंझनपुर एवं सिराथू को 31 मार्च को खुला रखने के निर्देश

**कौशाम्बी** वरिष्ठ कोषाधिकारी रवीन्द्र प्रताप सिंह ने अवगत कराया कि दिनांक 31 मार्च 2024 को रविवार होने के कारण सप्ताहिक अवकाश है। चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 समाप्ती के कारण 31 मार्च को अत्यधिक लेन-देन होना स्वभाविक है। शासकीय प्राप्तियों एवं भुगतानों से सम्बन्धित कार्य सुचारू रूप से सम्पादित करने के लिए दिनांक 31 मार्च 2024 को कोषागार सामान्य कार्य दिवसों की भांति खुला रहेंगा। वरिष्ठ कोषाधिकारी ने शाखा प्रबन्धक-भारतीय स्टेट बैंक मंझनपुर एवं सिराथू को शासकीय प्राप्तियों एवं भुगतान से सम्बन्धित कार्य सम्पादित करने के लिए दिनांक 31 मार्च 2024 को सामान्य कार्य दिवस की भांति खुला रखने के निर्देश दियें हैं।

## आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन पर, C-विजिल ऐप पर करे शिकायत, तत्काल होगी कार्रवाई

**कौशाम्बी** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में यदि कोई राजनैतिक दल/प्रत्याशी वोटरों को रिझाने के लिए आचार संहिता का उल्लंघन करेगा तो वह आसानी से पकड़ में आ जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ऐसे मामलों में सी0-विजिल एप के माध्यम से त्वरित एवं तत्काल कार्यवाही की जाएगी।जनपद के किसी शहरी अथवा ग्रामीण व्यक्ति को यह लगता है कि उसके आस-पास या उनके क्षेत्र में पोस्टर, बैनर, होर्डिंग अथवा वॉल पेंटिंग या अन्य किसी माध्यम से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा हैं तो वह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार कराये गए सी0-विजिल एप ( सिटीजन ऐप) को अपने एंड्रायड मोबाइल में प्ले स्टोर में जाकर अपलोड कर शिकायत कर सकता है। आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन पर व्यक्ति सी0-विजिल एप ओपेन कर एक फोटो या वीडियो रिकॉर्ड करेगा। यह फोटो जीपीएस के ऑटोमैटिक लोकेशन मैपिंग के साथ एप पर अपलोड करेगा। इसके बाद मोबाइल पर एक यूनिक आईडी आएगी। इसकी मदद से वह आगे की प्रक्रिया को अपडेट कर सकेगा। ऑनलाइन होते ही तत्काल एप सक्रिय होगा और जीपीएस प्रणाली से वह लोकेशन ट्रेस की जाएगी जहां पर शिकायतकर्ता द्वारा उल्लंघन की बात बताई गयी है जिसके बाद नजदीकी फ्लाइंग स्क्वायड दल मौके पर पहुंच कर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करेंगी। सी0-विजिल एप पर प्राप्त शिकायत को 100 मिनट के अन्दर निस्तारित की जायेंगी। व्यक्ति की पहचान को गोपनीय रखी जाएगी।

## न्यूज झरोखा

### गरीबी के चलते फांसी के फंदे में झूल गई बालिका, होली के तीसरे दिन छाया मातम घर वालो का रो-रोकर बुरा हाल



**कौशाम्बी** मोहब्बत पुर पैंसा थाना क्षेत्र के कुंडवरी गाँव मे ओमप्रकाश प्रजापति की पुत्री राधा देवी उम्र लगभग 20 वर्ष बुधवार के दिन समय लगभग 12 बजे घर में गरीबी होने के चलते दुपट्टे को धन्नी में डाल कर फांसी का फंदा गले में लगा कर मौत को गले लगा लिया जब घर वालो को पता चला तो घर में कोहराम मच गया और सूचना पुलिस को दी दी। सूचना पाकर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं किशोरी फांसी लगाते वक्त अपने पास एक लेटर छोड़कर गई है। जिसमे लिखा था की मै अपने घर की गरीबी देख कर फांसी लगा रही हूं मेरे घर वालो को या परिवार वालो को परेशान ना किया जाये।

### बृद्धजन आश्रम में धूमधाम से मनाई गई होली



**कौशाम्बी।** होली के पावन पर्व पर वृद्धजन आश्रम ओसा मंझनपुर में वृद्ध जनों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर रंग डालकर जमकर होली खेली है होली के पर्व पर बृद्धजनो को आश्रम में अपनेपन का एहसास हुआ और आश्रम संचालक आलोक राय के देखरेख में होली का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया है जहां विभिन्न प्रकार के पकवान गुजिया पापड़ चिप्स आदि की व्यवस्था आश्रम संचालक आलोक राय द्वारा बृद्ध जनों को कराई गई है होली के पावन पर्व पर संगीत की मधुर धुन के साथ होली के गीत की धूम भी वृद्ध जन आश्रम में रही है।

### पशु बाड़े के छप्पर में लगाई आग

**संदीपन घाट कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के उजिहनी फरीद पुर चक ताजपुर गांव के घनश्याम के पशु बाड़े के छप्पर में 27 मार्च को गांव के कुछ लोगों ने आग लगा दिया है जिससे पशु बाड़े का छप्पर जल गया है घनश्याम का कहना है कि दबंग उसे गांव से भागना चाहते हैं और पहले भी लड़ाई झगड़ा कर चुके हैं मामले की सूचना थाना पुलिस को देते हुए घनश्याम ने बताया कि उस समय पशु खेत चरने चले गए थे इसलिए मौके पर पशु नहीं थे वरना बड़ी घटना हो जाती।

### नाबालिक किशोरी के साथ रेप का प्रयास

**चायल कौशांबी।** प्रयागराज जनपद के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के भीखपुर मेड़वाड़ा गांव में एक नाबालिक किशोरी को गांव के तीन लोग खेत की ओर घसीट ले गए बालिका चीखती चिल्लाती रही लेकिन युवकों ने किशोरी के साथ रेप का प्रयास किया है देर तक जब किशोरी घर नहीं पहुंची तो परिवार के लोग खोजते खोजते खेत तक पहुंच गए परिवार के लोगों को देखकर रेप करने का प्रयास कर रहा एक युवक मौके से भाग गया है दो युवक मौके पर पकड़े गए हैं जिन्हें पुलिस को सौंप दिया गया है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है पुलिस पकड़े गए युवकों से पूछताछ कर रही है और फरार युवक की गिरफ्तारी का प्रयास पुलिस कर रही है।

# हमले की थाने में सूचना देने के बाद फिर महिला पर हुआ हमला

अखंड भारत संदेश

### घर के भीतर घुस कर दबंगों ने मां बेटी सहित चार लोगों को किया लहूलुहान



**संदीपन घाट कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र कैमुद्दीनपुर गांव में होली के दिन 25 मार्च को एक महिला के घर के बाहर बैठकर धर्मेंद्र अपने साथियों के साथ शराब पी रहे थे महिला ने शराब पीने से मना किया तो विवाद करने लगे महिला घर के बाहर निकली तो शराबियों ने उनका हाथ पकड़ कर खींचने की कोशिश की महिला से अभद्रता किया मामले की सूचना महिला ने उसी दिन थाना पुलिस को दिया इससे बौखलाए शराबियों ने 27 मार्च को फिर लाठी डंडे लेकर अपने कई साथियों के साथ महिला के घर में घुस गए महिला से मारपीट करने लगे हो हल्ला सुनकर महिला की तीन बेटियां मौके पर पहुंची जिस पर महिला की बेटियों के साथ भी मारपीट की गई है हमले में महिला और उसकी तीन बेटियों को गंभीर चोटे आई है मामले की सूचना फिर थाना पुलिस को दी गई है लेकिन खबर लिखे जाने तक शराबियों पर पुलिस ने कार्यवाही नहीं की है थाने में तहरीर देने के बाद दोबारा हमला होने के बाद महिला द्वारा दी गई तहरीर को पुलिस ने फिर बदलवा दिया है।

# 6 गांजा तस्करों को कोर्ट ने सुनाई 15-15 साल की कठोर कारावास की सजा



अखंड भारत संदेश

### दोषी पर अदालत में लगाया एक एक लाख रुपए का अर्थदंड

**कौशाम्बी।** जिले में 8 साल पहले पकड़े गए 6 गांजा तस्करों को कोर्ट ने 15-15 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है वही कोर्ट ने सभी आरोपियों पर 1-1 लाख का अर्थदंड भी लगाया है,सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया। पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र में अन्तर्गत जीटी रोड़ महगांव में बन्द पड़े पेट्रोल पम्प के पास 28/05/2016 को चेकिंग के दौरान 01 ट्रक व 02 कार से 08 कुतल 68.16 किलोग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ था। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 207/16 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया था।जिससे सम्बन्धित 06 अभियुक्तों 1. विनीत कुमार जायसवाल पुत्र नरेन्द्र कुमार नि० शाह मोहम्मदपुर थाना नगराम जनपद लखनऊ 2. शेषनाथ यादव पुत्र नागेश्वर यादव नि० कपुरी नारायणपुर थाना फेफना जनपद बलिया 3. अक्षय कुमार पटेल उर्फ रिकू पुत्र स्व० शैलेन्द्र कुमार नि० कबीरपुर खम्भौली थाना बांगरमऊ जनपद उन्नाव 4. अभिनन्दन चौबे पुत्र रघुवंश चौबे नि० चौबेपुर थाना फेफना जनपद बलिया 5. रवि यादव पुत्र स्व० सिंहासन यादव नि० लक्ष्मण थाना नरही जनपद बलिया 6. मुन्ना यादव पुत्र वकील यादव नि० मनियारा फर्म थाना कुचैकोट जनपद गोपालगंज बिहार को न्यायालय एडीजे/एफटीसी-2 ने गांजा तस्करों को कोर्ट ने मुकदमे की सुनवाई करते हुए दोषी पाया और सभी दोषी को 15-15 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है,साथ ही 1-1 लाख का अर्थदंड भी लगाया है।अर्थ दण्ड न अदा करने पुर 02-02 वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी है।

# प्रदेश व देश में लौहपुरूष व हरियाणा निमार्ता के रूप में जाने जाते है चौ. बंसीलाल

## भिवानी के नाम को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिला गए चौ. बंसीलाल, लोहारू से शुरू किया था अपना कारोबार

पूर्व मुख्यमंत्री चौ. बंसीलाल की पुण्यतिथि पर प्रदेशभर में राजनेताओं, सामाजिक संगठनों व उनके समर्थकों द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन कर अपने प्रिय नेता को श्रद्वाजंलि अर्पित की जाती है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त हरियाणा-पंजाब के तत्कालीन महेंद्रगढ़ जिलें के गोलागढ़ गांव के रेतीली धरती से उठकर साधारण किसान के घर से जन्म लेकर पहले मुनीम, फिर वकील व बाद में मुख्यमंत्री व केंद्र में रक्षामंत्री, रेलमंत्री सहित अनेक बडे मंत्रालयों में अपनी ईमानदारी व काबिलियत के बल पर धाक जमाने वाले स्व. चौ. बंसीलाल की छाप आज भी लोगों के दिलों में विराजमान है। प्रदेश के विकास में अपना अह्म योगदान देने वाले चौ. बंसीलाल ने पूरे हरियाणा की जनता को अपना परिवार माना तथा भाई भतीजावाद की लीक से परे हटकर आम आदमी को आधारभूत सुविधाएं प्रदान की। प्रदेश में सडकों का जाल बिछाने की बात हो या फिर दक्षिणी हरियाणा के रेगिस्तानी क्षेत्र में नहरों व बिजली लाईनों का जाल बिछाने का कारनामा, हर क्षेत्र में प्रदेश के विकास के लिए कृत संकल्प चौ. बंसीलाल ने सदैव विकासपरक व स्वच्छ राजनीति की जो मिशाल कायम की उसी के बलबूते पर देश व विदेश में लोग हरियाणा को बंशीलाल का हरियाणा के नाम से जानने लगे। उनकी विकासपरक नीतियों व हरियाणा निर्माण में उनके योगदान को देखते हुए ही उन्हें हरियाणा निमार्ता की संज्ञा दी गई तथा प्यार से लोग उन्हें बाऊजी कहकर पुकारते है। हरियाणा के भिवानी जिलें के गांव गोलागढ़ में एक साधारण किसान मोहर सिंह के घर पर 26 अगस्त 1927 को



जन्मे चौ. बंसीलाल की प्रारंभिक शिक्षा भिवानी में ही संपन्न हुई। इसके बाद उनकी वकालत की पढ़ाई तत्कालीन लाहौर में हुई। उनके शिक्षणकाल में ही उनका विवाह विद्यादेवी से हुआ तथा उनके सुरेंद्र व रणबीर के रूप में दो पुत्र व चार लडकियां सरोज सिवाच, सुनीता देवी आईएएस, सुमित्रा देवी व सविता देवी है जो उच्च पदों पर कार्यरत रही। प. नेहरू व सरदार वल्लभ भाई पटेल से हुए प्रभावितः-

चौ. बंसीलाल ने लोहारू अनाजमंडी जो उस समय एक प्रख्यात मंडी हुआ करती थी, से अपना कारोबार आरंभ किया लेकिन 1955 में भिवानी में वकालत के दौरान उनकी मुलाकात पूर्व प्रधानमंत्री प. जवाहरलाल नेहरू व गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल से हुई। इसके बाद उनकी रूचि राजनीति में जागृत हुई तथा उन्होंने वकालत छोडकर कांग्रेस की सभाओं में भाग लेना आरंभ कर दिया। उनके राजनीतिक कौशल से प्रभावित होकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने 1960 में उन्हे सांसद के रूप में राज्यसभा भेज दिया। इस प्रकार चौ. बंसीलाल के राजनीतिक सफर की शुरूआत देश की सबसे बडी पंचायत से हुई।

इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुडकर नही देखा तथा राज्यसभा सांसद के रूप में उन्होंने क्षेत्र में विकास, रोजगार व मूलभुत सुविधाओं में भेदभाव का मामला पुरजोर उठाया तथा हरियाणा का अलग प्रदेश बनाने की जोरदार पैरवी की जिस पर 1 नंवबर 1966 को पंजाब से अलग कर हरियाणा को अलग प्रदेश बना दिया गया व प्रदेश की बागड़ोर प. भगवत दयाल शर्मा को सौंपी गई। उनकी अगुवाई में 1967 में बंसीलाल ने तोशाम विधानसभा से चुनाव जीतकर हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में विराजमान हुए।

चौ. बंसीलाल के मुख्यमंत्री बनने के बाद देश व प्रदेश की राजनीति में भूचाल आ गया तथा नेताओं को चिंता सताने लगी कि एक अनुभवहीन नए नेता को प्रदेश की बागडोर संभाल देने से प्रदेश का भविष्य खतरें में पड़ जाएगा लेकिन कम समय में ही पंजाब की मशीनरी को हरियाणा में लगाकर प्रदेश में नहरों, सडकों व बिजली लाईनों का जाल बिछाकर उन्होंने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रदेश में किए गए विकास कार्यो से उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ती ही चली गई तथा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, राजीव गांधी सहित अनेक राष्ट्रीय नेता उनके नेतृत्व में विश्वास जताने लगे। 1 दिसंबर 1975 को वे भारत के रक्षामंत्री व 1984 में वे रेलमंत्री बने तथा उनके कार्यकाल में सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाए गए व हरियाणा, पंजाब व राजस्थान में रेललाईनों का जाल बिछवाया गया। इसके बाद उन्हें 1986 में कांग्रेस पार्टी ने हरियाणा की बागड़ोर पुनः सौंप दी। उनकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता था कि उन्होंने 1996 में हरियाणा विकास पार्टी का गठन किया व अपने दम पर हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में विराजमान हुए। प्रदेश व देश में विभिन्न पदों पर रहते हुऐ उन्होंने जापान, अमेरिका, रूस, फ्रांस, चीन, स्पेन, आस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान सहित अनेक देशों की यात्राएं की तथा वहां की परियोजनाओं को हरियाणा में लागू करने का प्रयास किया। दक्षिणी हरियाणा के खेतों में ईख व धान उगाने के लिए एसवाईएल का पानी लाने का उन्होंने आजीवन प्रयास किया। वर्ष 2005 में पुत्र सुरेंद्र सिंह की विमान हादसे में मौत के बाद चौ. बंसीलाल पूरी तरह से टूट गए तथा पुत्र वियोग ने उन्हें पूरी तरह से झकझोर कर रख दिया। चौ. सुरेंद्र सिंह की मौत के एक वर्ष बाद ही 28 मार्च 2006 को उनका भी निधन हो गया। चौ. बंसीलाल की छाप आज भी हरियाणा के आमजन के मानस पटल पर विद्यमान है तथा विरोधी भी उनके राजनीतिक जीवन व राजनीतिक प्रयासों के कायल है। आज भले ही पूर्व मुख्यमंत्री चौ. बंसीलाल हमारे बीच नही है लेकिन देश व प्रदेश में उनके द्वारा किए गए विकास कार्यो को याद कर आज भी प्रदेशवासियों की आखें नम हो जाती है।

## संपादक की कलम से

### क्या मोदी और विपक्ष की तैयारियों में दस साल का फर्क.है

हजारों करोड़ की धनराशि के चुनावी बांडों की खरीदी, जिसका कि हाल ही में खुलासा हुआ है, के पीछे का असली सच क्या है ? क्या सच सिर्फ.यही है कि विपक्षी दलों की तुलना में भाजपा को कई गुना ज्यादा चंदा प्राप्त हुआ ? यह सच अधूरा है ! पूरे सच के लिए इस बात की तह में जाना होगा कि भाजपा को मदद करने वाली ताकतें कौन सी हैं ? वे कंपनियाँ और उनके मलिक कौन हैं जिनके निहित स्वार्थ वर्तमान सत्ता और व्यवस्था को बनाए रखने में हैं ? वे लोग कौन हैं जो सत्तारूढ़ दल में शामिल हो रहे हैं और उन्हें चुनावी टिकिट मिल रहे हैं ? ह्यनिष्पक्षह्न चुनावों के जरिए सरकार अगर सत्ता से बाहर हो जाती है तो इन शक्तियों के साम्राज्यवाद का क्या होगा ?

प्रधानमंत्री जब कहते हैं कि वे भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाना चाहते हैं तो उसके पीछे की हक ीकत को समझना होगा ! सरकारें कभी आर्थिक ताकत नहीं बनतीं ! समूचा देश बनता है। जिस देश में अस्सी करोड़ से ज्यादा नागरिक मुफ़्त के अनाज पर ज़िंदा हों वे राष्ट्र को आर्थिक ताकत नहीं बना सकते। वे करोड़ों पढ़े-लिखे बेरोजगार जो नौकरियों की तलाश में अपनी उम्र खर्च कर रहे हैं वे भी मुल्क के आर्थिक रूप से शक्तिशाली बनने में मदद नहीं कर सकते।

सवाल यह है कि प्रधानमंत्री किनके जरिए और किनके लिए भारत को ह्यफाइव ट्रिलियन डॉलरह्न की इकोनॉमी बनाना चाहते हैं ? क्या उन लोगों के लिए जिनके खिलाफ राहुल गांधी ने मोर्चा खोल रखा है ? जिनके साथ सत्ता की साँठ-गाँठ को लेकर राहुल संसद से सड़क तक हमले जारी रखे हुए हैं ?

कहा यह भी जा सकता है कि जैसे-जैसे बड़े घरानों के खिलाफ राहुल के नेतृत्व में विपक्ष के हमले बढ़ते जाएँगे, ये निहित स्वार्थ भाजपा को सत्ता में बनाए रखने के लिए ह्यप्रोटेक्शन मनीह्न के तौर पर अपनी चंदे की राशि में इजाफा करते जाएँगे।( राहुल उसे ह्यएक्स-टॉरशन मनीह्न कहते हैं।) सत्तारूढ़ दल के उम्मीदवारों को जीताने की ज़िम्मेदारी भी ये घराने अपने ऊपर ले लेंगे। पार्टी का काम हल्का हो जाएगा। भूखी और बेरोजगार जनता कभी संगठित नहीं हो सकती। निहित स्वार्थों का गिरोह पूरी तरह संगठित है। सबसे बड़ा दान मुख्य भगवान के चरणों में चढ़ाया जाता है। बाक ी देवी-देवताओं और पुजारियों की पेटियों में फिर श्रद्धा के अनुसार चढ़ावा पड़ता है। पार्टियों को दिये जाने वाले चंदे का गणित भी यही है।

ह्यभारत जोड़ो न्याय यात्राह्न की समाप्ति के बाद मुंबई के शिवाजी पार्क में हुई लाखों लोगों की सभा में राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री के बारे में कहा था वे केवल एक मुखौटा हैं। बॉलीवुड के एक्टरों की तरह अभिनय करते हैं। राहुल ने प्रधानमंत्री के पीछे खड़ी पूँजीपतियों की ताकत को ही मोदी की असली ह्यशक्तिह्न बताते हुए कहा था उनकी लड़ाई प्रधानमंत्री की इसी ह्यशक्तिह्न के साथ है। (जैसा कि बाद में होना था, प्रधानमंत्री ने तेलंगाना की एक जनसभा में राहुल द्वारा बताई गई ह्यशक्तियोंह्न के खिलाफ लड़ाई को नारी शक्ति के प्रति किया गया अपमान बताते हुए उसे ह्यसनातनह्न के विवाद के साथ जोड़ दिया।)

जिस ह्यशक्तिह्न का राहुल ने मुंबई में ज़िक्र किया था उसकी ताकत के बारे में हाल ही में एक अंतरराष्ट्रीय संस्था की रिपोर्ट जारी हुई है। साल 2022-23 के लिए संस्था ह्यहङ्क१ह्न किल्ली०४ह्न३८ छुंह्न द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के सर्वाधिक अमीर एक प्रतिशत लोगों की आय में हिस्सेदारी बढ़कर 22.6% और संपत्ति में हिस्सेदारी बढ़कर 40.1% हो गई है। ऐसा सौ साल में पहली बार हुआ है।

विपक्षी एकता और इतनी विपरीत परिस्थितियों के बावजूद लोकसभा चुनाव के परिणामों को लेकर भाजपा अगर इतनी आशवस्त ह्यदिखाईह्न पड़ती है तो उसके पीछे कोई बड़ा कारण होना चाहिए ! निष्पक्ष अंग्रेजी दैनिक ह्यद हिंदूह्न की सहयोगी अंग्रेजी पत्रिका ह्यद फ्रंटलाइनह्न के हाल के अंक में प्रकाशित एक आलेख में एक अमेरिकी शोध संस्थान की रिपोर्ट के हवाले से बताया गया है कि मोदी 2029 और 2034 के चुनावों की तैयारियों में जुट गए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लीकार्जुन खड़गे ने हाल में बिना रूस का नाम लिए भारत के लोकसभा चुनावों की विश्वसनीयता को लेकर भी भय व्यक्त किया था।

रूस में हुए चुनावों में पुतिन की सत्ता में धमाकेदार वापसी के बाद दुनिया की नजरें भय और जिज्ञासा के साथ अब जिन दो देशों के चुनाव परिणामों पर टिक गई हैं उनमें एक भारत और दूसरा अमेरिका है। भारत के नतीजे 4 जून को और अमेरिका के नवम्बर के पहले सप्ताह में आ जाएँगे। अमेरिका में डॉनल्ड ट्रम्प एक बार फिर मैदान में हैं। ट्रम्प और मोदी के बीच मित्रता उस समय प्रकाश में आई थी जब भारतीय प्रधानमंत्री ने पिछले अमेरिकी चुनावों (2020) के वक्त टैक्सास के ह्यूस्टन शहर में हुई एक रैली में ह्यअब की बार ट्रम्प सरकारह्य का नारा लगवाया था। ह्यूस्टन की रैली में ट्रम्प और मोदी के स्वागत के लिए पचास हजार से ज्यादा भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक उपस्थित थे। अमेरिकी मूल के नागरिकों की एक बड़ी आबादी और यूरोप के कई देश इस समय ट्रम्प की व्हाइट हाउस में वापसी की चचाओं से चिंतित और भयभीत हैं। ट्रम्प ने पिछले दिनों यहाँ तक कह दिया था कि वे अगर हार जाते हैं तो अमेरिका में खून-खराबा हो जाएगा। ज्ञातव्य है नवम्बर 2020 के चुनावों में ट्रम्प की हार के बाद उनके सवर्ण समर्थकों के एक बड़े समूह ने अमेरिकी संसद पर हमला (6 जनवरी 2021 ) बोल दिया था और व्यापक हिंसा फैलाई थी।अमेरिका आज तक उस हमले की दहशत से बाहर नहीं आ पाया है।

## एकजुट विपक्ष और मोदी का 370-400 सीटों का लक्ष्य

**- डॉ. दीपक पाचपोर**

इस चुनावी चरण से निकलकर अब कयासों का दौर शुरू हो चुका है कि अगली सरकार किसकी बनने जा रही है। भारत के मानचित्र को सामने रखकर जब इस पर विचार होता है तो लोगों के सामने यह आश्चर्य बनकर उभरता है कि मोदी ने जो लक्ष्य बनाया है, वह कैसे पाया जा सकता है। विभाजित प्रतिपक्ष के बावजूद 2019 के चुनाव में भाजपा की स्थिति ऐसी कतई नहीं थी कि वह पहले से भी बड़ा बहुमत लेकर सत्ता में लौट सके। वह तो ऐन वक्त पर घटा पुलवामा कांड था जिसकी आड़ में मोदी दूसरी बार पीएम बने। उन्होंने शहीदों के नाम पर सहानुभूति और वोट दोनों बटोरे।देश होली मना चुका है। लोगों के शरीरों पर लगा रंग तो उतर रहा है, पर अब सही मायनों में सियासी रंग चढ़ने लगा है। वह इसलिये क्योंकि सवा-डेढ़ माह दूर रह गये लोकसभा के चुनावी मैदान में उतरे सभी दल या तो अपने प्रत्याशी तय कर चुके हैं या फिर उस प्रक्रिया को पूरा कर रहे हैं। जहां तक गठबन्धन की बात है, तो सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के साथ कथित रूप से तीन दर्जन से अधिक राजनीतिक दल एनडीए के हिस्से हैं। वहीं प्रमुख चुनौती बनकर उभरी कांग्रेस ने अपने इंडिया गठबन्धन में दो दर्जन पार्टियों को शामिल कराकर भाजपा एवं उसके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चिंताएं बढ़ा दी हैं जो अपने लिये तीसरा कार्यकाल तय मानकर चल रहे थे। सीटों का बंटवारा भी अपने-अपने लिहाज से हो रहा है। कांग्रेस जहां पांच न्याय एवं 25 गारंटियों के ईर्द-गिर्द अपना घोषणापत्र लगभग बना चुकी है, वहीं भाजपा मोदी के अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिये एक बार और सत्ता चाहती है। हालांकि वे कौन से काम हैं जो पूरे किये जाने हैं, यह अस्पष्ट, अपराभाषित व अव्याख्यायित है। उल्टे, उनके 10 साल के कामों को देखते हुए तो वह बड़ी हद तक आशंका पैदा करने वाले हैं। इस चुनावी चरण से निकलकर अब कयासों का दौर शुरू हो चुका है कि अगली सरकार किसकी बनने जा रही है। भारत के मानचित्र को सामने रखकर जब इस पर विचार होता है तो लोगों के सामने यह आश्चर्य बनकर उभरता है कि मोदी ने जो लक्ष्य बनाया है, वह कैसे पाया जा सकता है। विभाजित प्रतिपक्ष के बावजूद 2019 के चुनाव में भाजपा की स्थिति ऐसी कतई नहीं थी कि वह पहले से भी बड़ा बहुमत लेकर सत्ता में लौट सके। वह तो ऐन वक्त पर घटा पुलवामा कांड था जिसकी आड़ में मोदी दूसरी बार पीएम बने। उन्होंने शहीदों के नाम पर सहानुभूति और वोट दोनों बटोरे। पहले दौर की ही तरह मोदी का दूसरा कार्यकाल भी असफलताओं से भरा साबित हुआ। 2014 से 2019 के बीच नोटबन्दी लोगों के लिये जानलेवा साबित हुई तो 2019 से अब खत्म होने जा रहे कार्यकाल के दौरान कोरोना ने देश को तबाह कर दिया। देश चाहे आर्थिक रूप से बदहाल हो चुका हो परन्तु मोदी के चंद पूंजीपति मित्र अमीरों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गये। साफ था (और है भी) कि मोदी का वरदहस्त उन पर था। इसके खिलाफ संसद के भीतर व बाहर जमकर आवाजें उठीं, भ्रष्टाचार के पदार्फाश भी हुए लेकिन इस पर सरकार ने मौन साधे रखा। उल्टे, अपनी ताकत का इस्तेमाल कर विरोधी आवाजों को बन्द करने के संगठित, सुनियोजित एवं राज्य प्रायोजित उपक्रम हुए। कुछ में सरकार कामयाब हुई तो कुछ आवाजों को वह दबा न सकी। वैसे तो 2024 का लोकसभा चुनाव जीतने के लिये मोदी-भाजपा ने तैयारियां काफी पहले से शुरू कर दी थीं, लेकिन सबसे बड़ा दांव अयोध्या स्थित राममंदिर का था जिसमें रामलला की मूर्ति की 22 जनवरी को आनन-फानन में प्राण-प्रतिष्ठा तो हुई लेकिन उसका खास फायदा होता नजर नहीं आया क्योंकि श्रद्धा की जो लहर उठाई गयी थी, वह हफ्ते भर में ही विलीन हो गयी। फिर, नागरिकता संशोधन कानून का भी अपेक्षित फायदा मिलता नहीं दिख रहा है।

# कट लिस्ट, हिट लिस्ट, फिट लिस्ट

**@ राकेश अचल**

चुनाव का मौसम है। इस मौसम में लिस्टों की भी बहार आती है। ठीक उसी तरह जैसे आमों में बौर। राजनीतिक दल आम चुनावों के समय तरह-तरह की लिस्टें बनाते है। एक लिस्ट 'हिट लिस्ट' होती है। एक लिस्ट 'फिट लिस्ट' होती है और एक लिस्ट को 'कट लिस्ट' कहते हैं। इन लिस्टों में किसे शामिल करना है, किसे नहीं, ये हर पार्टी का आला - कमान करता है। आला- कमान यानि सुप्रीमो। सुप्रीमो यानि सर्वशक्तिमान। यानि भाग्य विधाता।



आजकल हर पार्टी की लिस्टें सुर्खियों में हैं लेकिन भाजपा की लिस्टें सबसे जायदा सुर्खियों में है। क्योंकि भाजपा ने खुद के लिए 370 और अपने गठबंधन के लिए '400 पार' का नारा जो दिया है। भाजपा की फिट लिस्ट में जिन लोगों का नाम शामिल किया गया है, वे खुशनसीब हैं। खुशनसीब इसलिए हैं कि उन्हें एक बार फिर भगवत कृपा से चुनाव लड़ने का मौका मिल रहा है, वो भी बिना किसी बाधा के। फिट लिस्ट में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों का शारीरिक और मानसिक रूप से फिट होना जरूरी नहीं है। जरूरी है कि वे आला - कमान की कमांड को आँखें बंद कर स्वीकार करते हैं या नहीं ? शिरोधार्य करते हैं या नहीं ? दंडवत रहते हैं या नहीं ? कांग्रेस, सपा, बसपा, जेडीयू सभी ने अपनी-अपनी फिट लिस्टें जारी कर दी हैं। फिट लिस्टें सबसे पहले जारी की जाती हैं।

फिट लिस्ट के बाद एक दूसरी लिस्ट को हिट लिस्ट कहते है। हिट लिस्ट में उन नेताओं के नाम शामिल किये जाते हैं जो जीत की सौ फीसदी गारंटी देते हैं। इस लिस्ट में शामिल लोगों को आप छत्रप भी कह सकते हैं। मिसाल के तौर पर जैसे भाजपा में हेमा मालिनी जी, कंगना जी, मनोज तिवारी जी, कांग्रेस में भी ऐसे अनेक जी है। खुद राहुल जी का नाम कांग्रेस की हिट लिस्ट में सबसे ऊपर है। सपा में अखिलेश जी, जेडीयू में नीतीश जी, राजद में तेजस्ववी जी, तृमूकां में ममता जी। यानि हिट लिस्ट में वे ही धुर्नंधर शामिल किये जाते हैं जो साहित्य की भाषा में 'अजेय' अविजित', पराक्रमी, कहे जाते है। माननीय नरेंद्र मोदी की तरह। इन लोगों के पराक्रम की कोई सीमा नहीं होती। हो भी नहीं सकती, क्योंकि ये सब अलग 'अयस्क' के बनाये जाते हैं।

फिट और हिट लिस्ट के बाद एक तीसरी लिस्ट और होती है, इस तीसरी लिस्ट को 'कट -लिस्ट' कहा जाता है। इस लिस्ट में वे नाम शामिल किये जाते हैं जिन्हें चुनाव लड़ने के अयोग्य ठहरा दिया जाता है। ये योग्यता कोई केंचुआ निर्धारित नहीं करत। इसका अधिकार भी सुप्रिमोज को होता है। वो जिसका चाहे टिकट काट दे। किसी की नाक पसंद न हो, किसी का हेयर स्टाइल पसंद न हो, किसी की जुबान खराब हो तो उसका नाम इस कट लिस्ट में डाला जा सकता है। इस समय भाजपा की ही कट लिस्ट सबसे सुपर-डुपर मानी जा रही है। इस लिस्ट में राहुल गांधी के भाई वरुण गांधी का नाम शामिल है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के भांजे अनूप मिश्रा शामिल हैं। भाजपा ने वरुण का टिकिट काट कर उनकी पीलीभीत गिरा दी है। हर पार्टी की अपनी कट लिस्ट होती है। मैंने तो केवल उदाहरण दिए हैं। पूरी की पूरी सूची देना मुमकिन नहीं है। स्पेस का सवाल जो है।

किसी पार्टी की कट लिस्ट में शामिल होने के जितने नुक्सान हैं उतने फायदे भी है। यदि किसी की किस्मत वरुण गांधी जैसी हो यानि जिसका टिकिट कट गया हो, उसके लिए दीगर पार्टियां अपनी पार्टी का टिकट मुफ्त में देने के लिए हमेशा तैयार होतीं हैं। इधर आपका टिकट कटा और उधर दूसरी पार्टी ने आपको टिकट दिया। कांग्रेस से भाजपा में या भाजपा से कांग्रेस में गए नेताओं को इसमें प्राथमिकता को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलती है। दरअसल जिन नेताओं का टिकट कटता है वे हिट लिस्ट में शामिल होने की पात्रता रखते हैं लेकिन ऐसे नेता अक्सर अपनी अख्खड़ता की वजह से अपनी पार्टी के सुप्रीमोज की नजर से उत्तर जाते हैं या नजरों में चुभने लगते हैं। मिसाल के तौर पर फिर वरुण गांधी और अनूप मिश्रा।

मेरे हिसाब से वरुण गांधी स्पष्टवादिता, अख्खड़ता के 'आईकॉन' हैं। हर पार्टी में वरुण गांधी होते हैं। उन्हें सच बोलने की, हर मुद्दे पर बोलने की सजा मिलती ही है। वरुण की किस्मत टैनी पंडित जी की किस्मत से भी ज्यादा खराब मानी गयी। टैनी पंडित जी के बेटे पर किसानों को कुचलने का आरोप था और वरुण गांधी पर किसानों की हिमायत करने का। सत्तारूढ़ दल किसी भी किसान समर्थक को टिकट नहीं देता, दे भी क्यों ? किसान जब देखो तब सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने बैठ जाते हैं। सोनम वांगचुक को भी इसी वजह से किसी पार्टी ने अपनी किसी भी लिस्ट में शामिल नहीं किया।

अगर आपको किसी लिस्ट में शामिल होना है या उससे निकलना है तो आपको अरविंद केजरीवाल जैसा नसीब हासिल करना पड़ेगा। हेमंत सोरेन की किस्मत तलाश करना होगी। सरकार के पास एक और लिस्ट होती है जिसमें जेल भेजे जाने वाले नेताओं का नाम शामिल होता। हमारे सूत्र बताते है अन की इस लिस्ट में ममता, माया, तेजस्वी, कमलनाथ, नवीन पटनायक जैसों के नाम शामिल हैं।

## राजस्थान में वसुंधरा समर्थक सांसदों का सफाया

**रमेश सर्राफ धमोरा**

राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी ने वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया के सभी समर्थक सांसदों के टिकट काट दिए हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में वसुंधरा राजे समर्थक विधायकों के बड़ी संख्या में टिकट काटे गए थे। अब लोकसभा चुनाव में भी उनके समर्थकों का सफाया हो गया है। सिर्फ वसुंधरा राजे के पुत्र दुष्यंत सिंह को झालावाड़ से पांचवीं बार सांसद का टिकट मिला है। श्रीगंगानगर सीट पर पांच बार के मौजूदा सांसद निहालचंद मेघवाल का टिकट काटकर अनूपगढ़ नगर परिषद की अध्यक्ष प्रियंका बैलान को प्रत्याशी बनाया गया है। प्रियंका बैलान प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष सीपी जोशी के साथ युवा मोर्चा में प्रदेश सचिव रह चुकी है। निहालचंद मेघवाल 1996, 1999, 2004, 2014 व 2019 में सांसद व 1998 में रायसिंह नगर से विधायक रह चुके हैं। उनके पिता बेगाराम चौहान 1977 में जनता पार्टी से व 1989 में जनता दल से सांसद व 1972 में रायसिंह नगर से स्वतंत्र पार्टी की टिकट पर विधायक रह चुके हैं। निहालचंद के भाई लालचंद चौहान भी 2003 में रायसिंह नगर से भाजपा के विधायक रह चुके हैं। ऐसे में निहालचंद मेघवाल का टिकट काटने का सिर्फ एक ही कारण रहा है। उनका वसुंधरा राजे गुट में होना। कांग्रेस ने वहां से कुलदीप इंदौरा को प्रत्याशी बनाया है। चूरू से भाजपा के दो बार सांसद रहे राहुल कस्वां का टिकट काटने का भी मुख्य कारण वसुंधरा राजे के नजदीकी होना था। राहुल कस्वां चूरू में मजबूत जनाधार वाले नेता माने जाते हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में नेता प्रतिपक्ष रहे राजेंद्र राठौड़ के तारानगर से चुनाव हारने के चलते राहुल कस्वां का टिकट काटा गया है।

राहुल कस्वां स्वयं 2014 व 2019 में चूरू से भाजपा टिकट पर चुनाव जीत चुके हैं। उनके पिता रामसिंह कस्वां चूरू से चार बार सांसद व सादुलपुर से विधायक रह चुके हैं।

राहुल कस्वां के दादा दीपचंद कस्वां 1980 में सादुलपुर सीट से निर्दलिय व राहुल कस्वां की माता कमला कस्वां 2008 में सादुलपुर से भाजपा की विधायक रह चुकी है। उनकी माता कमला कस्वां चूरू की जिला प्रमुख व पंचायत समिति प्रधान भी रही हैं। राहुल कस्वां उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के छोटे भाई कुलदीप धनकड़ के दामाद है। फिर भी उनका टिकट महज राजेंद्र राठौड़ के विरोध के चलते काटा गया है। अब राहुल कस्वां कांग्रेस टिकट पर चूरू लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

झुंझुनू से नरेंद्र कुमार खीचड़ का टिकट काटकर उदयपुरवाटी से पूर्व में विधायक रहे शुभकरण चौधरी को प्रत्याशी बनाया गया है। नरेंद्र खीचड़ भी वसुंधरा राजे के नजदीकी माने जाते रहे हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव से पहले स्वयं वसुंधरा राजे ने उनको भाजपा में शामिल करवा कर 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा टिकट पर प्रत्याशी बनवाया था। 2019 में उन्हें वसुंधरा राजे की सिफारिश पर ही लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया गया था। झुंझुनू में कांग्रेस ने पूर्व केंद्रीय मंत्री शीशराम ओला के सुपुत्र विजेंद्र ओला को प्रत्याशी बनाया है।

जयपुर शहर लोकसभा सीट से भाजपा से दो बार लगातार सांसद व पूर्व जिला प्रमुख रहे रामचरण बोहरा का टिकट काटकर मंजू शर्मा को प्रत्याशी बनाया गया हैं। रामचरण बोहरा वसुंधरा राजे के नजदीकी लोगों में शुमार होते थे तथा उनके हर कार्यक्रम में पूरी सक्रियता से भाग लेते थे। इसी के चलते उनका टिकट काटा गया है। हालांकि मंजू शर्मा भी भाजपा के तीन बार प्रदेश अध्यक्ष व भाजपा की सभी सरकारों में मंत्री रहे दिग्गज नेता भंवरलाल शर्मा की पुत्री है तथा 2008 में हवामहल सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी बृजकिशोर शर्मा से मात्र 580 वोटो से चुनाव हार गई थी। चर्चा है कि मंजू शर्मा को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सिफारिश पर भाजपा का प्रत्याशी बनाया गया है

दौसा से भाजपा सांसद जसकौर मीणा का टिकट काट दी गयी है। जसकौर मीणा पूर्व में सवाई माधोपुर से सांसद व बाजपेयी सरकार में राज्य मंत्री रह चुकी है। वह वसुंधरा राजे के नजदीकी मानी जाती है। दौसा सीट पर वर्तमान सांसद जसकोर मीणा अपनी पुत्री अर्चना मीणा को टिकट दिलवाना चाहती थी। वहीं राजस्थान सरकार में मंत्री किरोड़ीलाल मीणा अपने भाई जगमोहन मीणा को टिकट दिलवाना चाहते थे। ऐसे में भाजपा ने वहां से चार बार विधायक व मंत्री रह चुके कन्हैयालाल मीणा को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने दौसा से मौजूदा विधायक मुरारीलाल मीणा को प्रत्याशी बनाया है।

करौली-धौलपुर लोकसभा सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद मनोज राजोरिया का टिकट काट कर पूर्व प्रधान इन्दु देवी जाटव को प्रत्याशी बनाया है। मनोज राजोरिया 2014 व 2019 में सांसद बनने में सफल रहे थे। उनका वसुंधरा राजे के प्रति जुड़ाव किसी से छिपा हुआ नहीं है। इसी के चलते उनका टिकट काटा गया है।

उदयपुर सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। यहां से लगातार दो बार सांसद रहे अर्जुनलाल मीणा का टिकट काटकर उनके स्थान पर परिवहन विभाग में कार्यरत मन्नालाल रावत को उम्मीदवार बनाया गया है। अर्जुन लाल मीणा वसुंधरा राजे गुट के माने जाते हैं। इसी के चलते उनका टिकट काट दिया गया है।

# नेत्र चिकित्सकों का अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला में हुआ सम्मान

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** संत रणछोड़ दास महाराज द्वारा स्थापित श्री सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय दुनिया में नेत्र रोगियों की सेवा के लिए अपनी अलग ही पहचान बनाई है। कलकत्ता में अंतर्राष्ट्रीय ऑल इंडिया आप्थलमो लॉजिकल सोसायटी द्वारा आयोजित नेत्र कार्यशाला में सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय के रेटीना के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डा आलोक सेन, ग्लूकोमा के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डा राकेश शाक्य टॉप सर्जिकल वीडियो अवार्ड से नवाजे गए।

इस कार्यशाला में श्री सद्गुरु सेवा संस्थान के डायरेक्टर एवं ट्रस्टी डा बी के जैन और उनकी धर्म पत्नी ऊषा जैन भी विशिष्ट अतिथि के रूप सम्मिलित हुए। उन्होंने बताया कि सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय में आंख से संबंधित सभी ईलाज किए जाते है और लगभग हर विभाग की सबस्पेशलिटी रेटीना, ग्लूकोमा, कार्निया, अक्लोपलास्ट आदि की सुविधा उपलब्ध है। बताया कि अखिल भारतीय नेत्र रोग सोसायटी का 82वां वार्षिक सम्मेलन बिस्वा बांग्ला कन्वेंशन सेंटर, कोलकाता में आयोजित किया गया। जिसमे पांच दिवसीय ऑल इंडिया आप्थलमो लॉजिकल सोसायटी द्वारा नेत्र कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में देश विदेश के लगभग 10,000 नेत्र चिकित्सकों ने प्रतिभाग लिया।इस पांच दिवसीय नेत्र कार्यशाला में सभी नेत्र चिकित्सकों ने आपस में एक दूसरे से अपने अपने अनुभव साझा किए साथ ही सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के डा आलोक सेन एवं डा राकेश शाक्य ने नेत्र रोगियों की नेत्र सर्जरी में अच्छी गुणवत्ता के लिए इस कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले सभी नेत्र चिकित्सकों को सर्जिकल ट्रेनिंग देने का काम किया एवं नेत्र रोगियों के बेहतर ईलाज के लिए अपना लेक्चर भी दिया। इस अंतराष्ट्रीय नेत्र कार्यशाला में सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के नेत्र चिकित्सकों के अवार्ड से सम्मानित होने पर ट्रस्टी डा ईलेश जैन ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि ट्रस्ट के प्रथम चेयर मैन सेठ अरविंद भाई मफत लाल के जन्म शताब्दी वर्ष में ये बड़ी उपलब्धि है उन्होंने ये भी कहा कि यह सदगुरू परिवार के साथ साथ चित्रकूट क्षेत्र के लोगो के लिए बड़े गौरव की बात है कि इस अंतर्राष्ट्रीय नेत्र कार्यशाला में सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के नेत्र चिकित्सकों को टॉप सर्जिकल वीडियो अवार्ड से नवाजा गया।



# शिक्षकों ने समाप्त किया उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मुजफ्फरनगर में शिक्षक की गोली मारकर हत्या के मामले में चल रहे उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन बहिष्कार को राजकीय शिक्षक संघ ने वापस ले लिया है। साथ ही मूल्यांकन कार्य में पूर्ण सहयोग करने की बात कही है।

राजकीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष रामकेश के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप शुक्ल, जिला मंत्री प्रमोद कुमार पाल ने बताया कि बीती 17 मार्च को राजकीय हाई स्कूल महगांव वाराणसी में कार्यरत शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार को मुजफ्फरनगर मूल्यांकन केंद्र की उत्तर पुस्तिका को ले जाते समय एक सिपाही ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसके विरोध में राजकीय शिक्षक संघ ने मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार किया था और मृतक शिक्षक के परिवार द्वारा कुछ मांगे विभाग/शासन के समक्ष रखी गई थी। जिसके बाद मृतक शिक्षक के आश्रित को असाधारण पेंशन स्वीकृत की गई है। साथ ही परिवार को 25,000,00 रुपये अनुग्रह राशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा अब मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं को क्षेत्रीय कार्यालय तक पहुंचाने के लिए शिक्षकों की ड्यूटी नहीं लगाई जाएगी। ऐसे में छात्र हित में मूल्यांकन कार्य समयांतर्गत कराने के उद्देश्य से प्रातींय नेतृत्व के निर्देशानुसार राजकीय शिक्षक संघ चित्रकूट मूल्यांकन कार्य बहिष्कार वापस लेता है। अब सभी शिक्षक मूल्यांकन कार्य में पूर्ण सहयोग करेंगे।

## अवैध शराब के तीन कारोबारी चढ़े पुलिस के हत्थे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस द्वारा तीन आरोपियों को 89 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसमें थाना बरगढ़ के उपनिरीक्षक राधेश्याम सिंह तथा उनके हमराही द्वारा आरोपी संतलाल निवासी सुचेता कालौनी थाना बरगढ़ को 45 क्वार्टर देशी शराब के साथ, थाना पहाड़ी के उपनिरीक्षक मातादीन तथा उनके हमराही द्वारा आरोपी राजेश निवासी परसौंजा थाना पहाड़ी को 21 क्वार्टर देशी शराब के साथ व थाना पहाड़ी के उपनिरीक्षक त्रिलोकीनाथ तथा उनके हमराही द्वारा आरोपी भीम निवासी परसौंजा थाना पहाड़ी को 23 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार इन सभी आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किए गए।

## दो के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी, चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल द्वारा भोली-भाली जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्डा गर्दी करने वाले आरोपी भारत व मुन्ना निवासीगण हर्रा थाना पहाड़ी के विरुद्ध धारा 110 जी सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी।

## निर्वाचन कण्ट्रोल रूम स्थापित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश चन्द्र निगम ने बताया कि आयकर विभाग द्वारा स्थापित कण्ट्रोल रूम में निर्वाचन को प्रभावित करने के उद्देश्य के लिए प्रयोग किए जाने वाली नकदी एवं काले धन सम्बंधी शिकायत की जा सकती है। बताया कि ऐसे मामलों की शिकायत टोल फ्री नम्बर 1800-180-7540 तथा व्हाटसएप नम्बर 6388736373 है। इसके अतिरिक्त फैक्स नम्बर-0522-2233306 पर भी शिकायत और सूचना दी जा सकती है।



## उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन अंतिम चरण पर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य अंतिम चरण पर है। अब तक कुल 1,17,372 कापियों में कुल 1,16,299 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है, सिर्फ 2,073 कापियां अवशेष हैं। उपनियंत्रक रणवीर सिंह चौहान ने बताया कि इस मूल्यांकन केंद्र में अब तक हाईस्कूल की 66,700 और इंटर की 49,599 का मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है। इस वर्ष हाई स्कूल में 67,000 और इंटर में 50,372 उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए भेजी गई है। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल में 25 और इंटर में 40 टोली लगाई गई हैं। जिन विषयों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो चुका है उनके अवार्ड ब्लैंक (अंक सूची) परिषद कार्यालय को भेज दिए गए हैं। जांची गई उत्तर पुस्तिकाओं का उप प्रधान परीक्षकों द्वारा निरंतर परीक्षण भी किया जा रहा है ,इसके अलावा जांची गई उत्तर पुस्तिकाओं का अंकेक्षण भी कराया जा रहा है कुल मिलाकर कापियों के मूल्यांकन में किसी भी तरह की त्रुटियां न रह जाएं ,इसका विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मूल्यांकन कार्य को व्यवस्थित ढंग से संपादित कराने में परीक्षा प्रभारी श्रीनिवास त्रिपाठी, ऋषि कुमार शुक्ला, सतीश रैकवार, डॉ रमेश सिंह चंदेल, फूलचंद चंद्रवंशी, डॉक्टर आलोक शुक्ला, रामगोपाल दुबे, ज्ञानेंद्र चैधरी, रामबचन सिंह, विनय त्रिपाठी, रमेश कुमार, अजीत सोनकर, रमेश कुमार, पुष्पेंद्र, वीरेंद्र नाथ, तीरथ प्रसाद कुशवाहा, गौरी शुक्ला, जयप्रकाश, मनोज पांडेय, ललक यादव, प्रदीप शुक्ला, वीरेंद्र गर्ग आदि का सराहनीय योगदान है।

# नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के प्रति महिला सिपाहियों ने किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के चैथे चरण के तहत बुधवार को जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

एण्टी रोमियों टीमों द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया। साथ ही टीम की सदस्यों ने महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यूपी 112, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप 181, महिला हेल्प लाइन 1076, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1098, चाइल्ड हेल्प लाइन 102, स्वास्थ्य सेवा 108, एम्बूलेन्स सेवा 1930 व साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा व सहायता के लिए एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं व बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने के लिए तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने क्षेत्र में कार्य करने, शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया। साथ ही सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं व बालिकाओ को जनपद में गठित एंटी रोमियो स्क्वायड टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा स्कूल, कॉलिज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है, उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो व मनचलो के द्वारा की जाने वाली आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व ऐसे शोहदो व मनचलो के विरुद्ध कार्यवाही भी की जाती है।



# युवा समाजसेवियों की मदद से सकुशल घर पहुंचा दक्षिण भारतीय युवक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** ट्रेन में बैग और मोबाइल फोन चोरी होने से परेशान दक्षिण भारतीय युवक की युवा समाजसेवियों ने मदद करते हुए मानवता की मिसाल पेश की। जिसके चलते युवक अपने परिजनों के पास पहुंच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आंध्र प्रदेश के विशाखापट्नम से एक नवयुवक उत्तर प्रदेश के काशी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने आया था। रास्ते में युवक का बैग और मोबाइल फोन खो गया। जिसके चलते युवक परेशान हो गया। हिन्दी भाषा की बेहद कम जानकारी और सामान खो जाने से परेशान यह युवक बिना कपड़ों के बरगढ़ मोड़ में खड़ा था। इस दौरान वहां पहुंचे नवयुवक सेवा समिति के अध्यक्ष आकाश द्विवेदी, अखिलेश पाण्डेय, शिप्पू शुक्ला, बांके शुक्ला, कल्लू चैरसिया व ऋषि त्रिपाठी ने इस युवक को घर पहुंचाने की व्यवस्था की। युवा समाजसेवियों ने युवक के परिजनों से बात करने के बाद बीती रात उसे प्रयागराज जिले के छिवकी रेलवे स्टेशन से रेलगाड़ी में बैठाकर घर के लिए रवाना कर दिया। समिति के अध्यक्ष आकाश द्विवेदी ने बताया कि युवक के परिजनों द्वारा उसके सकुशल पहुंचने की पुष्टि कर दी गई है।





## तमंचा व कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना बहिलपुरवा के उपनिरीक्षक नन्दराम सिंह तथा उनके हमराही आरक्षी अरविन्द सिंह द्वारा आरोपी अमर सिंह आरख निवासी कर्का पड़रिया थाना बहिलपुरवा को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना बहिलपुरवा में धारा 03/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# सड़क हादसे में बाइक सवार शिक्षक घायल

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर, चित्रकूट।** ग्राम पंचायत भभेंट से बच्चों को पढ़ाकर वापस राजापुर आ रहे शिक्षक को राजापुर-छीबों तिराहा के पास एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे घायल होकर शिक्षक काफी देर तक सड़क पर तड़पता रहा और घायल अवस्था में कस्बे के एक प्राइवेट चिकित्सालय में मोहल्ले के लोगों ने भर्ती कराया तथा परिजन व पुलिस को सूचना दिया। हालत गम्भीर होने पर प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया है।



बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय भभेंट में सहायक अध्यापक पद पर तैनात नरोत्तम प्रसाद पुत्र भगवानदीन निवासी ढोलबजा थाना भरतकूप का निवासी है और राजापुर में रहकर मोटरसाइकिल से विद्यालय आया जाया करता था। विद्यालय में छुट्टी होने के बाद राजापुर आते समय राजापुर - छीबों तिराहे के पास पहुँचा ही था कि राजापुर की ओर से तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने रौंद डाला जिससे दोनों पैर टूट गए हैं और गम्भीर चोटें आई हैं। आसपास मौजूद लोगों ने कस्बे के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना की सूचना पाकर तमाम शिक्षक व पत्नी रश्मि देवी अस्पताल पहुँचे और पुलिस को सूचना दी गई।

घटना की सूचना पाकर क्राइम इंस्पेक्टर विनोद कुमार अपने हमराही पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे और मामले की जाँच पड़ताल की। उधर क्राइम इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि घायल अध्यापक की पत्नी रश्मि देवी के द्वारा तहरीर दी गई है, जांच पड़ताल करते हुए उक्त चार पहिया वाहन व चालक को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। शिक्षक की हालत गम्भीर होने पर प्रयागराज के लिए रेफर किया गया है।

# बाल्टीमोर हादसे में लापता छह लोगों को मृत मान लिया गया, तलाशी अभियान समाप्त, बाइडेन ने दुख जताया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मैरीलैंड प्रांत के बाल्टीमोर में पटाप्सको नदी पर बने ऐतिहासिक फ्रांसिस स्कॉट ब्रिज (पुल) से एक मालवाहक जहाज टकरा गया। इसके बाद पलक झपकते ही यह ब्रिज ढह गया। इस हादसे के दौरान कई लोग और कारें नदी में गिर गईं। इस दौरान लापता छह लोगों की नदी में तलाश की गई। कोई पता न चलने पर आखिरकार उन्हें मृत मान लिया गया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने लापता छह लोगों की तलाश को समाप्त करने की घोषणा की है। रियर एडमिरल शैनन गिलरेथ ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि अब इस बात की कम ही उम्मीदें हैं कि



हादसे के बाद लापता हुए छह लोग जीवित होंगे। मैरीलैंड के गवर्नर वेस मूर के अनुसार, मालवाहक जहाज के चालक ने हादसे से पहले मदद भी मांगी थी। आशंका जताई जा रही है कि बिजली की समस्या के कारण मालवाहक जहाज पुल से टकराया होगा, जिस वजह से यह हादसा हुआ। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि यह एक भयानक दुर्घटना है। हमारी प्रार्थनाएं इस हादसे में शामिल सभी लोगों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि हादसे के बाद बाल्टीमोर बंदरगाह में जहाज यातायात को अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है।

## बीआरआई पर नेपाल फिलहाल पीछे हटा, नहीं हो पाया कार्यान्वयन समझौता

**काठमांडू।** चीन के महत्वाकांक्षी परियोजना बेल्ट एंड रोड इनिसिएटिव के कार्यान्वयन समझौते पर नेपाल फिलहाल पीछे हट गया है। माना जा रहा है कि नेपाल में बीआरआई को लेकर सत्तारूढ़ दल के बीच भी सहमति नहीं बन पाने के कारण नेपाल सरकार को पीछे हटना पड़ा है। चीन के औपचारिक भ्रमण पर रहे नेपाल के विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच बीजिंग में मुलाकात हुई। इस मुलाकात के दौरान बीआरआई कार्यान्वयन पर चर्चा जरूर हुई लेकिन इस समझौते पर हस्ताक्षर नहीं हुआ है।

विदेश मंत्रालय की सचिव सेवा लम्साल ने बताया कि इस बार विदेश मंत्री श्रेष्ठ के भ्रमण के दौरान बीआरआई कार्यान्वयन समझौते पर हस्ताक्षर को भी एजेंडा में रखा गया था, पर इस बार भी यह नहीं हो पाया। लम्साल ने इस समझौते पर हस्ताक्षर नहीं होने के पीछे नेपाल की तैयारी पूरी नहीं होने को बताया है। लेकिन इस मामले के जानकारों का कहना है कि नेपाल में राजनीतिक सहमति नहीं बन पाने के कारण इस पर हस्ताक्षर नहीं हो पाया है। बताया जा रहा है कि अन्तिम समय में आकर नेपाल के इस मामले में पीछे हटने के कारण चीन प्रचण्ड सरकार से नाखुश है।

सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के उपाध्यक्ष स्वर्णिम वाग्ले ने कहा है कि बीआरआई कार्यान्वयन समझौते पर हमारा विरोध तो नहीं है लेकिन पहले चीन से ऋण और अनुदान पर स्पष्ट होने की आवश्यकता है। नेपाल अभी भारी ब्याज वाले ऋण वहन करने को तैयार नहीं है। वाग्ले ने यह भी कहा कि नेपाल सरकार चीन से बात कर ऋण के ब्याज दर पर एक सहमति बनाए और सभी राजनीतिक दलों के बीच सहमति बनाने का प्रयास करे।

वाग्ले की तरह सत्तारूढ गठबन्धन दल जनता समाजवादी पार्टी के सांसद तथा अन्तरराष्ट्रीय संबंधों की संसदीय समिति के अध्यक्ष राजकिशोर यादव ने कहा है कि सात वर्ष पहले हुए बीआरआई समझौते की प्रति पहले संसद पटल पर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की जनता को यह जानने का हक है कि सरकार ने चीन से जो बीआरआई समझौता किया है उसका एक एक प्रावधान में क्या है। यादव ने कहा कि आखिर सरकार बीआरआई समझौते को छुपाना क्यों चाहती है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने बिना राजनीतिक सहमति के बीआरआई कार्यान्वयन समझौते पर हस्ताक्षर किया तो इसका असर सरकार की सेहत पर पड सकता है।

## नेपाल ने भारत से किया विद्युत आयात समझौता के नवीनीकरण का आग्रह

**काठमांडू।** नेपाल और भारत के बीच विद्युत आयात समझौते की समय-सीमा समाप्त होने वाली है। इसे देखते हुए नेपाल सरकार ने भारत से इस समझौते का नवीनीकरण करने का आग्रह किया गया है।

नेपाल के ऊर्जा मंत्रालय के सचिव गोपाल सिग्देल ने भारत के ऊर्जा सचिव पंकज अग्रवाल को फोन कर ऊर्जा आयात समझौते का नवीनीकरण करने का आग्रह किया है। शीत ऋतु में तथा शुष्क दिनों में नेपाल अपनी कुल खपत की 40 प्रतिशत बिजली भारत से आयात करता है। अगर यह नवीनीकरण नहीं होता है तो नेपाल में प्रतिदिन 8-10 घंटे तक की बिजली कटौती का खतरा बना हुआ है। नेपाल विद्युत प्राधिकरण की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक इस समय नेपाल में 1500 मेगावाट बिजली की खपत हो रही है। इसमें करीब 46 प्रतिशत भारत से आयात हो रही है।

भारत के एनर्जी एक्सचेंज लिमिटेड से नेपाल बिजली खरीद बिक्री करता आ रहा है। नेपाल में सरप्लस बिजली पैदा होने पर वह 600 मेगावाट तक की बिजली निर्यात भी करता है लेकिन इस मौसम में भारत से बिजली आयात होता आया है। प्राधिकरण के प्रवक्ता चन्दन घोष ने बताया कि पांच साल तक के लिए बिजली आयात समझौता होने के बावजूद हर साल इसका नवीनीकरण करने का प्रावधान है।

## अदाणी ग्रीन ने राजस्थान में शुरू किया 180 मेगावाट का सोलर पावर प्लांट

**अहमदाबाद।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने राजस्थान के जैसलमेर के देवीकोट में एक 180 मेगावाट का सोलर पावर प्लांट चालू कर दिया है। इस प्लांट का सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई) के साथ 25 साल का विद्युत खरीद समझौता (पीपीए) है। 180 मेगावाट का सोलर प्लांट प्रतिवर्ष लगभग 540 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन करेगा, जो 1.1 लाख से अधिक घरों को बिजली देगा और लगभग 0.39 मिलियन टन सीओ2 उत्सर्जन कम करेगा। प्लांट में नेक्स्ट जनरेशन के बायफेसियल सोलर पीवी मॉड्यूल लगाए गए हैं, जो सूर्य की रोशनी को दोनों तरफ से ग्रहण कर सकते हैं।

साथ ही, इन पैनलों को एक खास तरह की घूमने वाली संरचना (हॉरीजॉन्टल सिंगल-एक्सिस ट्रैकर) पर रखा गया है। यह संरचना पूरे दिन सूरज की ओर घूमती रहती है, जिससे ज्यादा से ज्यादा सूर्य की रोशनी मिलती है और बिजली का उत्पादन बढ़ जाता है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में आत्मघाती हमला, पांच चीनी नागरिकों सहित छह मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर-पख्तूनख्वा में मंगलवार को चीनी नागरिकों वाली बस में विस्फोटक से भरे एक वाहन ने को टक्कर मारने से कम से कम पांच चीनी नागरिकों सहित छह व्यक्तियों की मौत हो गई। यह जानकारी अधिकारियों ने दी।

ये चीनी नागरिक दासू जलविद्युत परियोजना पर काम कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि प्रांत के शांगला जिले के बिशम इलाके में हुई घटना में कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब इस्लामाबाद से कोहिस्तान जा रही एक बस को विपरीत दिशा से आ रहे एक वाहन ने टक्कर मार दी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मुहम्मद अली गंडापुर ने घटना और मरने वालों की संख्या की पुष्टि की और कहा कि यह संभवतः एक आत्मघाती हमला था। गंडापुर ने मीडिया को बताया, हमले में पांच चीनी नागरिक और उनका पाकिस्तानी चालक मारा गया। अभी तक किसी भी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। गृह मंत्री मोहसिन नकवी यहां स्थित चीनी दूतावास पहुंचे और चीनी राजदूत जियांग जैदोंग से मुलाकात की। उन्होंने संवेदना व्यक्त की और राजदूत को यह भी आश्वासन दिया कि पाकिस्तान सरकार दोषियों को न्याय के कटघरे में लाएगी। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने हमले की कड़ी निंदा की और चीनी नागरिकों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने एक बयान में कहा, पाकिस्तान विरोधी तत्व पाकिस्तान-चीन दोस्ती को नुकसान पहुंचाने में कभी सफल नहीं होंगे। जरदारी ने चीनी नागरिकों के परिवारों और पड़ोसी देश की सरकार के प्रति भी अपनी संवेदना व्यक्त की। इस बीच, पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी हमले की जगह पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू की। उन्होंने शवों को निकालने में भी मदद की।

जानकारी के मुताबिक बिशम थाना प्रभारी (एसएचओ) बख्त जहीर के हवाले से बताया कि घटनास्थल पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और शवों को अस्पताल ले जाया जा रहा है। एसएचओ ने कहा, हम जांच करेंगे कि आत्मघाती हमलावर का वाहन कहां से और कैसे आया और यह कैसे हुआ। शांगला, कोहिस्तान के करीब है, जहां 2021 में एक आतंकवादी हमले में नौ चीनी समेत 13 लोग मारे गए थे। साठ अरब अमेरिकी डॉलर वाले चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के तत्वावधान में चल रही कई परियोजनाओं पर हजारों चीनी कर्मी पाकिस्तान में काम कर रहे हैं।

# बाल्टीमोर में भारतीय चालक दल वाले मालवाहक जहाज के टकराने से पुल गिरा, लोगों की तलाश जारी

**बाल्टीमोर।** बाल्टीमोर में सोमवार देर रात एक मालवाहक जहाज एक प्रमुख पुल से टकरा गया, जिससे पुल टूटकर नीचे नदी में गिर गया। इसकी वजह से कई वाहन पानी में गिर गए और बचाव दल जीवित बचे लोगों की तलाश कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक टकराने वाले मालवाहक जहाज के चालक दल के सभी 22 सदस्य भारतीय हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि मालवाहक जहाज कैसे फ्रांसिस स्कॉट की पुल से टकरा गया। इस घटना में दो लोगों को बचा लिया गया और यह स्पष्ट नहीं है कि और कितने लोग पानी में गिरे होंगे। जहाज पुल के एक खंभे से टकरा गया, जिससे ढांचा टूटकर कुछ ही सेकंड में पानी में गिर गया। किसी ने इस घटना का एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। इस दौरान जहाज में आग लग गई और उसमें से काला धुआं निकलने लगा।

बाल्टीमोर के मेयर ब्रैंडन स्कॉट ने इसे एक अकल्पनीय त्रासदी कहा। उन्होंने कहा, आपने कभी नहीं सोचा होगा कि आप इस पुल को धराशाई होते हुए देखेंगे। यह किसी एक्शन फिल्म जैसा लग रहा था। इस बीच न्यूयार्क से मिली खबर के अनुसार पुल से टकराने वाले मालवाहक जहाज के चालक दल के सभी 22 सदस्य भारतीय हैं। सिंगापुर के झंडे वाला कंटेनर जहाज डीएएलआई स्थानीय समयानुसार रात लगभग।:30 बजे बाल्टीमोर में फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज के एक खंभे से टकरा गया। सिनर्जी मरीन ग्रुप द्वारा प्रदान की गई जहाज की जानकारी के अनुसार, जहाज के चालक दल के कुल 22 सदस्य थे और ये सभी भारतीय हैं। जहाज का स्वामित्व ग्रेस ओशन प्राइवेट लिमिटेड के पास है और जहाज की आवाजाही बाल्टीमोर से कोलंबो तक थी। जहाज प्रबंधन कंपनी सिनर्जी मरीन ग्रुप ने एक बयान में कहा कि जहाज डीएएलआई के मालिकों और प्रबंधकों ने बताया कि जहाज सोमवार को स्थानीय समयानुसार रात लगभग 01:30 बजे बाल्टीमोर के फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज के एक खंभे से टकरा गया। इसमें कहा गया है कि चालक दल के सभी सदस्यों से एक स्पष्टीकरण मांगा गया है और और किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है। कोई प्रदूषण भी नहीं हुआ है। घटना का सटीक कारण अभी तक पता नहीं चला है। अमेरिकी तट रक्षक और स्थानीय अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है और मालिक और प्रबंधक एक अनुमोदित योजना के तहत संघीय और प्रांतीय सरकार की एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं।

## नेपाल : गृहमंत्री को संसदीय समिति में तलब कर दिया इस्तीफे का दबाव

**काठमांडू।** उपप्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री रवि लामिछाने पर लगे सहकारी घोटाला मामले में आज संसदीय समिति में बुलाकर उन पर इस्तीफे का दबाव बढाया गया।

संसद की राज्य व्यवस्था समिति ने गृहमंत्री रवि लामिछाने को बुलाकर सहकारी संस्थाओं में हुए घोटाले में उनका नाम आने के कारण उनसे ही स्पष्टीकरण लिया गया। संसदीय समिति के अध्यक्ष रामहरि खतिवडा ने गृहमंत्री लामिछाने को समिति में बुलाकर कहा कि जब आरोप उन्हीं पर लगा है तो ऐसे में इस मामले की पुलिस के तरफ से निष्पक्ष जांच पर संदेह है इसलिए नैतिकता के आधार पर उन्हें इस्तीफा देना चाहिए।

समिति के सभापति के अलावा विरोधी दल के सभी सांसद सदस्यों ने भी गृहमंत्री लामिछाने को पद छोड़ने का सुझाव दिया है। प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के सांसद दीलेन्द्र प्रसाद बडू ने कहा कि गृहमंत्री को जांच पूरी होने तक पद छोड देना चाहिए। बडू ने कहा कि जिस गृहमंत्री पर इतने बड़े घोटाले का आरोप लगा है उसकी जांच आरोपित गृहमंत्री के मातहत रहे किसी एजेंसी द्वारा किया जाना कई प्रकार के संदेह को जन्म देगा। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष जांच के लिए नैतिकता के आधार पर गृहमंत्री को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए।

इस समिति में उपस्थित गृहमंत्री लामिछाने ने कहा कि पुलिस की जांच में उनकी कोई दखलंदाजी नहीं है। लामिछाने ने कहा कि सहकारी घोटाले से उनका कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि उनके खिलाफ एक भी प्रमाण मिलता है तो वो पद छोड़ने को तैयार हैं। लेकिन उन पर दबाव डालकर शेष भ्रष्टाचार के मामलों की जांच प्रभावित करने का जो प्रयास किया जा रहा है, वो सफल नहीं होने दिया जाएगा।

## रूस की जेल में बंद अमेरिकी पत्रकार की गिरफ्तारी की अवधि बढ़ाई

**मॉस्को।** मॉस्को की एक अदालत ने एक साल पहले गिरफ्तार किए गए वॉल स्ट्रीट जर्नल के पत्रकार इवान गर्शकोविच को कम से कम 30 जून तक जेल में रखने का आदेश दिया। उन्हें जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। अदालत के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अमेरिका के 32 वर्षीय नागरिक को रिपोर्टिंग के सिलसिले में की गई यात्रा के दौरान साल 2023 में मार्च के आखिर में गिरफ्तार किया गया था। वह लगभग एक साल से जेल में हैं और अब अदालत ने 30 जून तक उनकी गिरफ्तारी की अवधि बढ़ा दी है। गर्शकोविच और उनके नियोक्ता ने आरोपों को खारिज कर दिया। अमेरिकी सरकार ने भी कहा कि उन्हें गलत तरीके से गिरफ्तार किया गया है। रूस के एकातेरिनबर्ग शहर में उनको गिरफ्तार किया गया था, लेकिन अधिकारियों ने यह नहीं बताया था कि जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किए गए पत्रकार के खिलाफ यदि कोई सबूत है तो वह क्या है।

मॉस्को की लेफोतोर्वा जेल में गर्शकोविच को रखा गया है, जो अपनी कठोर परिस्थितियों के लिए कुख्यात है। विश्लेषकों ने बताया कि यूक्रेन के खिलाफ सैन्य अभियान से वाशिंगटन और मास्को के बीच उपजे तनाव के चलते रूस अपने यहां जेल में बंद अमेरिकियों को सौदेबाजी के साधन के रूप में इस्तेमाल कर सकता है। रूस ने हाल ही में अमेरिका के दो नागरिकों को गिरफ्तार किया था, जिसमें डब्ल्यूएनबीए स्टार ब्रिटनी ग्रिनर भी शामिल हैं।

गर्शकोविच सितंबर 1986 के बाद से रूस में जासूसी के आरोप में गिरफ्तार होने वाले पहले अमेरिकी पत्रकार हैं। 1986 में यूएस न्यूज और वर्ल्ड रिपोर्ट के मॉस्को संवाददाता निकोलस डैनिलॉफ को केजीबी ने गिरफ्तार किया था। 20 दिन बाद उन्हें संयुक्त राष्ट्र मिशन में सोवियत संघ के एक कर्मचारी की रिहाई के बदले छोड़ा गया था। इस कर्मचारी को एफबीआई ने जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया था।

## केंद्र सरकार 2024-25 की पहली छमाही में बाजार से 7.5 लाख करोड़ रुपये लेगी उधार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल-सितंबर के दौरान बाजार से 7.5 लाख करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। इसका मकसद आर्थिक वृद्धि को गति देने के साथ राजस्व अंतर को पाटना है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि केंद्र सरकार वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बाजार से 14.13 लाख करोड़ रुपये उधारी के रूप में जुटाएगी। इसमें 7.5 लाख करोड़ रुपये यानी 53.08 फीसदी की राशि अगामी वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में जुटायी जाएगी। इसमें सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड के माध्यम से 12 हजार करोड़ रुपये भी शामिल हैं। यह चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सकल उधारी अनुमान 15.43 लाख करोड़ रुपये से कम है, जो अब तक की सर्वाधिक राशि थी।

मंत्रालय के मुताबिक भारत सरकार ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के परामर्श से आगामी वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही के लिए अपने उधार कार्यक्रम को अंतिम रूप दे दिया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक फरवरी को पेश अंतरिम बजट में राजस्व अंतर को पूरा करने के लिए प्रतिभूतियों के जरिये 14.13 लाख करोड़ रुपये जुटाने का प्रस्ताव किया है।

# अहमदाबाद हवाईअड्डे ने अधिक यात्रियों की आवाजाही का बनाया रिकॉर्ड

### -एक साल में 1.15 करोड़ से अधिक यात्री उड़ानों के आगमन-प्रस्थान के लिए पहुंचे एसपीवीआई

**अहमदाबाद।** सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल हवाईअड्डा (एसवीपीआईए) ने एक साल में सर्वाधिक यात्रियों की आवाजाही का रिकॉर्ड बनाया है। सोमवार को पूरा हुए एक वर्ष में अहमदाबाद हवाईअड्डे से यात्रियों की उड़ान और आगमन की यह सबसे अधिक संख्या है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार वर्ष 2023-24 में पिछले साल की तुलना में 14 फीसदी बढ़ोतरी के साथ 1,15,87,899 लोगों ने हवाईअड्डे से उड़ान और आगमन किया।

अहमदाबाद हवाईअड्डा पश्चिम भारत का महत्वपूर्ण हवाईअड्डा बनता जा रहा है। इससे पूर्व वर्ष 2019-20 के दौरान अहमदाबाद हवाईअड्डे से सर्वाधिक 87,634 एयरक्राफ्ट ट्रैफिक मूवमेंट (एटीएम) के साथ



1,15,63,887 यात्रियों के आगमन-प्रस्थान का रिकॉर्ड बना था।

वर्ष 2022-23 के दौरान 1,01,78,749 यात्रियों ने अहमदाबाद हवाईअड्डे से आगमन-प्रस्थान किया। वहीं पिछले साल की तुलना में 7 फीसदी अधिक 88,305 फ्लाइट्स का आवागमन-प्रस्थान हुआ। हवाईअड्डा से रोजाना 245 उड़ान की सुविधा है। हवाईअड्डा के दो टर्मिनल 32,150 स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के परिवहन की सेवा प्रदान करते हैं। जनरल एविएशन टर्मिनल से वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट, जी-20, यू-20 और वर्ल्ड कप मैच के दौरान भी यात्रियों की रिकॉर्ड आवाजाही हुई।

बुनियादी ढांचे में सुधार करके यात्री सुविधा में बढोतरी :- यात्री अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एसवीपीआईए ने पिछले कुछ वर्षों में बुनियादी ढांचे में जो सुधार किए हैं, उनमें निम्नलिखित सुविधाएं जोड़ी गई हैं।

1. डिजी यात्राः तेज बोर्डिंग सुविधा के लिए टर्मिनल 1 (टी-1) पर शुरू की गई डिजी यात्रा को यात्रियों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। यह विशेष रूप से पीक आवर्स के दौरान एक बहुत ही उपयोगी विकल्प है।
2. सेल्फ-बैगेज ड्रॉपः यह सेवा बैगेज चेक-इन में तेजी लाकर यात्रियों का समय बचाती है।
3. पिकअप और ड्रॉप के लिए समर्पित लेनः यात्रियों की यात्रा को आसान बनाने के लिए आगमन और प्रस्थान क्षेत्रों पर समर्पित लेन बनाई गई हैं।
4. ई-गेट्स की संख्या में वृद्धिः यात्रियों को सुरक्षा जांच तक पहुंचने की सुचारू और परेशानी मुक्त प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए ई-गेट्स की संख्या में वृद्धि की गई है।
5. उत्कृष्ट बैगेज सेवाएंः टर्मिनल में आने वाले सभी नए यात्रियों को हॉल में बैगेज रीक्लेम बेल्ट की सुविधा भी मिलती है।
6. फोरकोर्ट विस्तार और आगमन प्लाजाः फोरकोर्ट क्षेत्र में नास्ते, खाने और पेय विकल्पों के साथ बिल्कुल नया आगमन प्लाजा आने और जाने वाले यात्रियों के रिश्तेदारों की जरूरतों को पूरा करने में मदद करता है।
7. इंटरनेशनल-टू-इंटरनेशनल (आई-टू-आई) ट्रांसफर सुविधाः इस सुविधा के तहत, अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन वाले यात्री आसानी से उड़ानें स्थानांतरित कर सकते हैं।
8. नया विशाल सुरक्षा जांच क्षेत्रः यह विशाल क्षेत्र एक्स-रे मशीनों के साथ-साथ सुरक्षा जांच लेन में यात्रियों के प्रतीक्षा समय को कम करके सुविधा बढ़ाता है।
9. गुजरात की सांस्कृतिक विरासत का चित्रणः गुजरात की संस्कृति और विरासत के समृद्ध इतिहास को दशार्ने वाले नए प्रवेश और निर्यात द्वारों से लोग प्रभावित हुए।
10. नेटवर्क विस्तार की भविष्य की योजनाएं : अगली गर्मियों तक, अहमदाबाद हवाई अड्डा 8 एयरलाइनों और 16 अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनों के माध्यम से 40 से अधिक घरेलू गंतव्यों को जोड़ने वाली सेवा प्रदान करेगा। जिसमें ग्वालियर, नांदेड़, सिलीगुड़ी, राजकोट और औरंगाबाद को सीधी उड़ान से जोड़ा जा रहा है, जबकि जबलपुर, विशाखापत्तनम और कोयंबटूर भी उड़ान से जुड़ेंगे। अहमदाबाद हवाई अड्डे पर हैदराबाद, भोपाल, गोवा, वाराणसी, बेंगलुरु, कोलकाता और पुणे के लिए अतिरिक्त उड़ानें शुरू होंगी।